CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 अंक -260 राजनांदगांव, बुधवार 07 अगस्त 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## बांग्लादेश में उथल-पुथल के पीछे चीन और पाकिस्तान का हाथ? हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर सरकार-विपक्ष एकमत

नई दिल्ली। बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के भविष्य को लेकर भारत उनसे बातचीत कर रहा है, मगर रणनीतिक वजहों से इसका खुलासा नहीं किया जा सकता। बांग्लादेश में हो रहे गंभीर हिंसक आंदोलन के पीछे चीन-पाकिस्तान और अमेरिका की भूमिका से जुड़े पहलुओं का भी भारत गहराई से आकलन कर रहा है।

इसके मद्देनजर ही भारत ने बांग्लादेश के ताजा हालत पर रणनीतिक निगाहें रखते हुए अपनी सेना और केंद्रीय सुरक्षा बलों को सीमा पर हाई अलर्ट कर रखा है। तख्ता पलट के बाद भारत पहुंची शेख हसीना के साथ केवल उनकी बहन रेहाना ही नहीं बल्कि कई करीबी रिश्तेदार भी साथ आए हैं। बांग्लादेश के घटनाक्रम पर मंगलवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं की चिंताओं और सवालों पर इन तथ्यों से रूबरू कराते हुए सरकार ने उन्हें भरोसे में लिया। बांग्लादेश में तख्तापलट से फैली अराजक स्थिति के बीच शेख हसीना के भारत में आने के एक दिन बाद



ही केंद्र सरकार ने इस मुद्दे पर राष्ट्रीय आम सहमति बनाने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जिसमें विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने ताजा हालात से विपक्षी नेताओं को रूबरू कराया।

### भारत स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है

सूत्रों के अनुसार विदेशमंत्री ने बांग्लादेश के घटनाक्रम से भारत पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों से लेकर वहां बाहरी हस्तक्षेप की स्थिति में भारत की रणनीति पर चर्चा की। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने बांग्लादेश के हिंसक घटनाक्रमों के रणनीतिक पहलुओं से जुड़ा सवाल पूछते हुए कहा कि क्या सरकार को इस तरह के उथल-पुथल का कुछ पुर्वानुमान था और क्या इसके पीछे ढाका से बाहर की ताकतों विशेष रूप से चीन-पाकिस्तान की भूमिका के बारे में कोई जानकारी है।

सूत्र के अनुसार जयशंकर ने कहा कि भारत स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है और बाहरी ताकतों की बात है तो अभी पाकिस्तान के एक राजनयिक के मोबाइल में बदले हुए डीपी के बारे में जानकारी है जो विद्रोह को समर्थन देने के उनकी रुझान को दर्शाता है जिसकी हम पड़ताल कर रहे हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### भारत सरकार की इसे रोकने की क्या रणनीति है?

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं के साथ मंदिरों पर हमले पर चिंता जताते हुए नेता विपक्ष ने पूछा कि भारत सरकार की इसे रोकने की क्या रणनीति है? विदेशमंत्री ने कहा कि अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे तथा उनकी संपत्तियों को नष्ट किया जा रहा है और सरकार उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाएगी। बांग्लादेश के सेना प्रमुख से लेकर उनकी आथरिटी के साथ संपर्क बना हुआ है। बांग्लोदश की पूर्व पीएम के भारत में रहने से लेकर राजनीतिक शरण को लेकर भी सवाल हुए और सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी ने पूछा कि शेख हसीना से उनके भविष्य को लेकर सरकार की क्या बातचीत हुई है? जयशंकर ने इस पर कहा कि हसीना से उनके भविष्य की योजनाओं के बारे में बातचीत हुई है मगर इसका खुलासा नहीं किया जा सकता।

## बांग्लादेश हिंसा पर शाह, जयशंकर और डोभाल की बैठक, सुरक्षा एजेंसियों की बढ़ी चुनौतियां



नई दिल्ली। बांग्लादेश में राजनीतिक उठापटक के चलते भारत में प्रत्येक स्तर पर उच्च सतर्कता बरती जा रही है। केंद्र सरकार की चिंता बांग्लादेश में फंसे लगभग 19 हजार भारतीयों के साथ-साथ वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं पर लगातार हो रहे हमले को लेकर भी है। इससे बांग्लादेश से भारत की ओर पलायन बढ़ने की आशंका है।

पड़ोस में अस्थिरता के चलते पूर्वी सीमा पर फिर से उग्रवादी संगठनों के सक्रिय हो जाने का भी खतरा है। इन्हीं सारे मुद्दों के साथ बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति पर चर्चा के लिए गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को संसद भवन में विदेश मंत्री एस जयशंकर एवं सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के साथ उच्च स्तरीय बैठक की।

### सुरक्षा एजेंसियों की बढ़ी चुनौतियां

इस दौरान गृह सचिव भी मौजूद थे। आपात स्थिति में बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के अपना देश छोड़कर भारत आने के बाद पूर्वी सीमा पर अराजकता बढ़ने की आशंका है, जिससे सुरक्षा एजेंसियों की चुनौतियां बढ़ गई हैं। यही कारण है कि प्रत्येक गतिविधियों पर सतर्क नजर रखी जा रही है और छोटी से छोटी घटनाओं की भी समीक्षा की जा रही है। बांग्लादेश में एक करोड़ 30 लाख से ज्यादा हिंदू आबादी है।

### कट्टरपंथियों द्वारा हिंदू मंदिरों में किया जा रहा तोड़फोड़

घटना के बाद उनपर हमले बढ़ गए हैं। कट्टरपंथियों द्वारा हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ किया जा रहा है। अराजकता ऐसी फैली हुई है कि बांग्लादेश की पुलिस एवं सेना कुछ करने की स्थिति में नहीं है। पड़ोसी देश में कट्टरपंथी ताकतें जब-जब हावी हुई हैं, तब बड़ी संख्या में वहां के नागरिकों ने भारत में शरण ली है। इतनी संख्या में आए लोगों की व्यवस्था भारत के लिए बड़ी चुनौती होगी।

### अवामी लीग के नेताओं को भी बना रहे कट्टरपंथी निशाना

इस बार तो अवामी लीग के नेताओं को भी कट्टरपंथी निशाना बना रहे हैं। उनके घर जलाए जा रहे हैं। हिंसा हो रही है। ऐसी स्थिति में वे भी भारत में शरण मांग सकते हैं। भारत और बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय सीमा लगभग चार हजार किलोमीटर से अधिक लंबी है। दुनिया की यह पांचवीं सबसे बड़ी स्थल सीमा है, जो नदी-पहाड़ एवं जंगलों से होकर गुजरती है। पलायन बढ़ने की स्थिति में इतनी लंबी सीमा की निगरानी में तमाम (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मुर्मु को फिजी का सर्वोच्च नागरिक सम्मान पर मोदी, बिरला की बधाई

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु को फिजी के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से विभूषित किए जाने पर उन्हें बधाई दी है और इसे देश के हरनागरिक के लिए गर्व का अवसर बताया है।



फिजी की यात्रा पर गयीं श्रीमती मुर्मु को राजधानी सुवा के स्टेट हाउस में सोमवार को आयोजित समारोह में फिजी के राष्टपति रातू विलियम मैवलिली काटोनिवेरे ने 'कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी'सम्मान से सम्मानित किया। इस मौके पर श्रीमती मुर्मु ने कहा कि यह सम्मान भारत और फिजी के बीच गहरी मित्रता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने श्रीमती मुर्मु को बधाई देते हुए सोसल मीडिया मंच एक्स पर कहा, द कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से सम्मानित होने पर राष्ट्रपति जी को बधाई। यह प्रत्येक भारतीय के लिए अत्यंत गर्व और खुशी का क्षण है। यह राष्टपति जी के नेतृत्व के साथ-साथ भारत और फिजी के बीच ऐतिहासिक लोगों से लोगों के जुड़ाव की भी मान्यता है। श्री बिरला ने एक बयान में कहा, माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ कांग्रेस ने दिया विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव

नई दिल्ली। राज्यसभा में कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला और दिग्विजय सिंह ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ 'ब्रीच ऑफ प्रिविलेज मोशन मूव' किया है। इसके लिए कांग्रेस सांसदों ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को नियम संख्या 187 और 188 के तहत नोटिस दिया है।

इस विषय पर जानकारी देते हुए रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सदन को भ्रामक बातों से गुमराह करने का काम किया है। कृषि मंत्री ने न केवल सदन, बल्कि किसानों को भी अपनी बातों से गुमराह करने की कोशिश की है। जो किसानों की आजीविका को छेड़ेगा, उसकी जबाबदेही तो होगी। सदन को गुमराह करने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह



चौहान के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाया गया है।

### सच क्या है और झूठ क्या है

कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार ने सदन में कहा कि वह लागत पर 50 प्रतिशत मुनाफा देंगे और आरोप लगाया कि कांग्रेस ने स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को कूड़ेदान में डाल दिया था। दूसरी तरफ मोदी सरकार ने 6 फरवरी 2015 को सुप्रीम कोर्ट में शपथ पत्र देकर कहा कि किसान को लागत पर कभी भी 50 प्रतिशत मुनाफा नहीं दिया जा सकता और कांग्रेस ने स्वामीनाथन आयोग की 175 सिफारिशों को लागू कर दिया था। ऐसे में सच क्या है और झूठ क्या है।

### गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं

अब कांग्रेस ने केंद्रीय कृषि मंत्री पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए विशेषाधिकार के तहत यह मुद्दा उठाने का फैसला किया है। कांग्रेस का कहना है कि कृषि मंत्री झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। राज्यसभा सांसद और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मनीष सिसोदिया की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षित किया फैसला

नई दिल्ली। दिल्ली अबकारी नीति से संबंधित करप्शन और मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपी मनीष सिसोदिया की जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।



सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई की अगुवाई वाली बेंच के सामने सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने सिसोदिया की ओर से दलील दी जबकि सीबीआई और ईडी की ओर से अडिशनल सॉलिसिटर जनरल पेश हुए थे।

इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने ध्यान दिलाया कि ईडी ने जो स्टैंड लिया है उसमें असंगति दिखती है। एक तरफ उसने दावा किया है कि ट्रायल शुरू हो चुका होता अगर गैर जरूरी आवेदन सिसोदिया की ओर से ना डाला गया होता। वहीं दूसरी तरफ उसने 4 जून को वक्त मांगते हुए कहा था कि वह 3 जुलाई तक वह डेटा एकत्र कर फाइनल चार्जशीट दाखिल कर देगा। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि इस मामले में आखिरी चार्जशीट 28 जून को दाखिल की गई थी। तब आपकी (अभियोजन पक्ष) ओर से कहा गया था कि आप सप्लीमेंटरी चार्जशीट दाखिल करने की प्रक्रिया में हैं। ऐसे में आप यह बात भलीभांति समझते हैं कि जब तक सभी चार्जशीट दाखिल नहीं हो जाती है तब तक ट्रायल शुरू नहीं हो सकता है। अब आप कह रहे हैं कि आप ट्रायल शुरू कर सकते थे अगर आरोपी ने डिले नहीं किया होता। इस मामले में आपके स्टैंड में विसंगति है। सुप्रीम कोर्ट ने अडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा कि आप साफ तौर पर असलियत में बताएं कि कितना वक्त लगेगा क्योंकि मामले में 493 गवाह हैं, उस पर विचार करके बताएं।

### सिसोदिया को रिलीज किया तो सबूतों से होगी छेड़छाड़

इस दौरान अडिशनल सॉलिसिटर जनरल राजू ने कहा कि सिसोदिया की मौजूदा जमानत अर्जी का मुख्य बिंदु यह है कि ट्रायल में देरी हो रही है, ऐसे में जमानत दी जाए लेकिन सिसोदिया की ओर से गैर जरूरी तमाम आवेदन दाखिल किए जाते रहे हैं। इन आवेदनों की जरूरत नहीं है और फिर भी यह दाखिल की जाती रही है। उन्हें डिस्चार्ज के स्टेज पर आवेदन देना चाहिए। (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## एनसीईआरटी की किताबों से क्या संविधान की प्रस्तावना को हटाया गया? कांग्रेस के आरोप पर क्या बोले शिक्षा मंत्री

नई दिल्ली। एनसीईआरटी की किताबों से प्रस्तावना हटाने के आरोपों पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री का बयान सामने आया है। कांग्रेस की ओर से यह कहा गया कि क्लास 3 और क्लास 6 की कई पाठ्यपुस्तकों से संविधान की प्रसावना हटा दी गई है। कांग्रेस प्रवक्ता की ओर से ट्वीट करते हुए यह कहा गया कि पाठ्यपुस्तकों से संविधान की प्रस्तावना हटा दी गई है। इसके खिलाफ सबको आपत्ति दर्ज करानी चाहिए। एनसीईआरटी की ओर से कहा गया कि भारतीय संविधान के विभिन्न पहलुओं- प्रस्तावना, मौलिक कर्तव्य, मौलिक अधिकार




और राष्ट्रगान को बहुत महत्व दिया जा रहा है। अब इस मामले में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का भी बयान सामने आया है।

### प्रस्तावना हटाने को लेकर क्या थे आरोप

कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. शमा मोहम्मद ने एक्स पर लिखा कि इस साल एनसीईआरटी की ओर से जारी कक्षा तीन और कक्षा छह की कई पाठ्यपुस्तकों से संविधान की प्रस्तावना हटा दी गई है। भाजपा सरकार ने भारत के संविधान को नष्ट करने के लिए बड़े पैमाने पर हमला शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि सभी अभिभावकों को एक साथ आना चाहिए और हमारे इतिहास को मिटाने के इस जबरदस्त प्रयास पर आपत्ति जतानी चाहिए।

### प्रस्तावना हटाने के आरोपों का कोई आधार नहीं - धर्मेंद्र प्रधान

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि NCERT पाठ्यपुस्तकों से संविधान की प्रस्तावना को हटाने के आरोपों

## महिला रेसलर विनेश फोगाट ने रचा इतिहास, बनी ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान

पेरिस। ओलंपिक में 50 किग्रा श्रेणी सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय रेसलर विनेश फोगाट ने क्यूबा की युसनेलिस गुज़मैन को हराकर इतिहास रच दिया है। इस जीत के साथ विनेश ने ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन गई है।



बता दें कि 50 किलोग्राम भारवर्ग के सेमीफाइनल में भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने क्यूबा की लोपेज गुज़मैन को 5-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। पहले राउंड तक विनेश 1-0 से आगे थीं, और आखिरी तीन मिनट में डबल लेग अटैक कर चार पॉइंट अर्जित किए। इस शानदार जीत ने उन्हें ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बना दिया है।

विनेश का इस ओलंपिक में प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा है। रियो ओलंपिक में चोट के कारण हटने और टोक्यो ओलंपिक में राउंड ऑफ 16 से बाहर होने के बाद, इस साल विनेश ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्री-क्वार्टर फाइनल में विश्व चैंपियन सुसाकी को 3-2 से हराया और क्वार्टर फाइनल में ओकसाना को 7-5 से हराया। अब, विनेश ने कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया है और 7 अगस्त को स्वर्ण पदक के लिए उतरेंगी। विनेश से पहले केवल दो पुरुष पहलवान—सुशील कुमार (2012 लंदन ओलंपिक) और रवि दहिया (2020 टोक्यो ओलंपिक)—फाइनल तक पहुंचे थे।

## भारत-बांग्लादेश सीमा को किया गया सील, बीएसएफ डीजी ने दूसरे दिन भी बॉर्डर का किया दौरा

कोलकाता। पड़ोसी देश बांग्लादेश में जारी हिंसा और तख्तापलट के घटनाक्रम के मद्देनजर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) भारत-बांग्लादेश सीमा पर पूरी तरह अलर्ट है। ताजा घटनाक्रम के मद्देनजर बीएसएफ के कार्यवाहक महानिदेशक (डीजी) दलजीत सिंह चौधरी, आईपीएस ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन यहां भारत-बांग्लादेश सीमा का दौरा कर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की।



डीजी ने बल के पूर्वी कमान के एडीजी रवि गांधी और दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के आइजी मनिंदर प्रताप सिंह पवार के साथ इस दिन उत्तर 24 परगना जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित एकीकृत जांच चौकी (आइसीपी) पेट्रापोल और 68वीं बटालियन के अत्यधिक संवेदनशील सीमा चौकी राणाघाट सहित कुछ अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा किया। पेट्रापोल में दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा भूमि बंदरगाह है जो भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार और आवाजाही का सबसे प्रमुख माध्यम है।

### भारत-बांग्लादेश सीमा पूरी तरह सील

बांग्लादेश में हुए घटनाक्रम के मद्देनजर बीएसएफ ने सोमवार को ही 4,096 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर अपनी सभी यूनिट के लिए हाई अलर्ट जारी किया था। जिसके बाद अवैध आवाजाही को रोकने के लिए सीमा को पूरी तरह सील भी कर दिया गया है। दरअसल, बंगाल के साथ ही बांग्लादेश की सबसे ज्यादा 2200 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है, जो बेहद संवेदनशील है। बंगाल से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बड़े इलाकों में अब तक फेंसिंग (बाड़) भी नहीं है, ऐसे में यहां ताजा हालात के मद्देनजर घुसपैठ के सबसे ज्यादा खतरे को देखते विशेष चौकसी बरती जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि सीमा पर जवानों की संख्या में बढ़ोतरी के साथ दिन-रात का गश्त भी बढ़ा दी गई है।

### डीजी ने बीएसएफ अधिकारियों के साथ भी की बैठक


इधर, आइसीपी पेट्रापोल में बीएसएफ डीजी ने पैसेंजर टर्मिनल और कार्गो टर्मिनल का दौरा किया तथा जवानों के समक्ष आने वाली जटिल परिचालन चुनौतियों की समीक्षा की। उन्होंने पड़ोस में मौजूदा स्थिति की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### तैयारियों और तैनाती रणनीतियों का हुआ आकलन

कोलकाता में बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरे का उद्देश्य बांग्लादेश में जारी घटनाओं के मद्देनजर सीमा पर बीएसएफ की सामरिक और परिचालन तैयारियों और तैनाती रणनीतियों का आकलन करना है। प्रवक्ता ने बताया कि स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। पूरे क्षेत्र में सुरक्षा मजबूत कर दी गई है। हम बेहतर समन्वय के लिए बार्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के भी संपर्क में हैं। सोमवार को भी डीजी ने उत्तर 24 परगना जिले और संवेदनशील सुंदरवन के सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा किया था।

### सीमावर्ती ग्रामीणों के साथ बीएसएफ ने की बैठक

बांग्लादेश में जारी अशांति के बाद सुरक्षा बढ़ाने के लिए बीएसएफ ने बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में राज्य सरकार के अधिकारियों और ग्रामीणों के साथ समन्वय बैठकें भी की। बीएसएफ अधिकारियों के अनुसार, ग्रामीणों को रात के समय सीमावर्ती क्षेत्रों और अंतरराष्ट्रीय सीमा सड़क पर स्वतंत्र रूप से नहीं घूमने की सलाह दी गई है। यह भी निर्णय लिया गया कि बाजार में सभी दुकानें रात नौ बजे तक बंद कर दी जानी चाहिए।




CMYK

# डायरिया की शिकायत मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम सजग रहकर तत्काल करें ईलाज - कलेक्टर

**पीजी पोर्टल, पीजीएन जन शिकायत, कलेक्टर जनचौपाल, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के प्रकरणों की गहन समीक्षा की**




**निर्धारित समय में लंबित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता देते हुए करने के दिए निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने पीजी पोर्टल, पीजीएन जन शिकायत, कलेक्टर जनचौपाल, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने विभागवार समीक्षा के दौरान नाराजगी जाहिर करते हुए सभी विभागों को निर्धारित समय में लंबित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता देते हुए करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि भू-अर्जन के प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाएं। जहां नामांतरण शेष रह गया है और जहां प्रक्रिया पूर्ण हो गई है, उसकी जानकारी प्रस्तुत करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अनुशासन में रहें तथा समय पर कार्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि जिन ग्रामों में तथा शहरी क्षेत्रों में डायरिया की शिकायत प्राप्त हो रही है, वहां तत्काल स्वास्थ्य विभाग की टीम को ईलाज करने के निर्देश दिए।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम को पानी का परीक्षण करने के लिए कहा। उन्होंने डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम डोंगरगांव, बम्हनीभाठा, रामपुर, सोनेसरार, रीवागहन एवं घुमका विकासखंड के ग्राम देवादा, गिधवा, घुमका तथा डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम बसंतपुर सहित अन्य प्रभावित ग्रामों में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने कहा। जल जीवन मिशन अंतर्गत अधूरे निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी ली तथा मार्च तक सभी निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग से खेती-किसानी के कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद-बीज की कमी नहीं होना चाहिए और सभी सहकारी समितियों में खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने लीड बैंक मैनेजर से किसानों की आधार सिंडिंग में आ रही दिक्कत को दूर करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जिन किसानों के ई-केवायसी शेष रह गए हैं, उनका निराकरण कराएं ताकि किसान शासन की योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि गणेश चतुर्थी एवं आने वाले अन्य पर्व में डीजे के माध्यम से ध्वनि प्रदूषण नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए सेवा शुल्क लें तथा स्वच्छता का पालन नहीं करने वालों पर अर्थदण्ड भी लगाएं। स्वच्छता के लिए यह जरूरी है कि इसके प्रति जागरूकता लाएं और लोगों को समझाईश दें। उन्होंने दिव्यांगजनों के लिए आयोजित शिविर के संबंध में जानकारी ली तथा उनके सहायक उपकरण के लिए माप लेने तथा प्रमाण पत्र वितरण कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को आने-जाने तथा भोजन के लिए दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

कलेक्टर ने कहा कि सामुदायिक भवन को रोजगार केन्द्र के रूप में विकसित करें। उन्होंने एजुकेशन हब के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्रति शुक्रवार सभी अधिकारियों को पोट्ठ लईका अभियान अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में जाकर पालक चौपाल में शामिल होने के लिए कहा। गंभीर कुपोषित बच्चों के सुपोषण के लिए चलाए जा रहे इस अभियान में सबकी सहभागिता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालयों के निर्देश के परिपालन में सड़कों पर घुमंतू पशुओं पर कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसे स्थानों का चिन्हांकन करें जहां मवेशी बैठते हैं और सूचना प्राप्त होने पर भी कार्रवाई करें। उन्होंने शहर में कुत्तों के काटने की समस्या को देखते हुए इसका समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने पौधरोपण, जल जीवन मिशन, आयुष्मान कार्ड अपडेशन, 15 अगस्त की तैयारी, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, फसल बीमा, पीटीएम सहित शासन की अन्य योजनाओं की समीक्षा की।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए स्कूल एवं अन्य शासकीय भवनों में बनाई गई संरचना की मरम्मत प्राथमिकता से कराएं। इसका निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने वेस्ट मैनेजमेंट तथा प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट तथा स्वच्छ भारत मिशन के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पार्रीकला में धूमधाम से मनाया गया लोक पर्व हरेली



राजनांदगांव (दावा)। निकटस्थ ग्राम पार्रीकला में ग्राम विकास समिति एवम समस्त ग्रामवासियों द्वारा लोक पर्व हरेली को हरियाली त्योहार के रूप में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रमुख की उपस्थिति में ग्राम पार्रीकला में 51 हवादार, फलदार, छायादार पौधों का रोपण किया गया।

साथ ही ग्राम में दोपहर 3 बजे से मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी खेल का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें गेड़ी दौड़, लंगड़ीदौड़, गोली चम्मच, मटकाफोड़, फुगड़ी खुर्सीदौड़, रस्साखींच, गोलाफेंक आलुदौड़ आदि खेल प्रमुख रहे जिसका ग्राम वासियों ने भरपूर आनन्द लिया। उक्त खेल खेलने के लिए ग्राम के महिला एवं पुरुषों में होड़ रही। वहीं बच्चे बच्ची व बड़े बुजुर्ग ने भी खेल में भाग लिया।

कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता खिलाड़ियों में पुरस्कार वितरण भी किया गया। इस दौरान ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष रोहित साहू, देवीलाल सोनकर कोषाध्यक्ष योगेशदास मानिकपुरी सचिव धनेश्वर साहू ,, पूर्व शिक्षक किशनदास साहू दिनेश साहू, ज्ञानदास मानिकपुरी झामेश्वर साहू अशोक साहू अरुण अंबिलकर शीतल साहू रेखालाल साहू राजेंद्र साहू पुरुषोत्तम साहू सतीश अंबिलकर लक्ष्मण साहू ताराचंद टंडन दिलीपकुमार साहू विष्णु साहू रमेश चंद्राकर एवम अन्य सदस्य उपस्थित रहे। उक्ताशय की जानकारी ग्राम के शीतल साहू ने दी है।

# कृष्ण जन्माष्टमी मनाने जमातपारा में बैठक संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। विगत रविवार को नगर कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव के तत्वाधान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाने जमातपारा में बैठक आयोजित की गई थी। उक्त वार्ड स्तरीय सामाजिक बैंठक में गौटियागणों व नगर के पदाधिकारियों ने कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धुमधाम से मनाने विभिन्न विषयों पर समीक्षा की। साथ ही आयोजन को सफल बनाने आयोजन समिति का गठन भी किया गया है। जिसके अध्यक्ष विजय यादव बसंतपुर निवासी जो कि जिला कोसरिया यादव समाज के कोषाध्यक्ष है को बनाया गया है।

उसी तरह से कोसरिया यादव समाज के महिला संगठन में सक्रिय भुमिका रखने वाले जमातपारा निवासी श्रीमति संतोषी यादव को महिला अध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष दुष्यंत यादव, धरम यादव, वासुदेव यादव, सौरभ यादव सचिव मुकेश यादव सहसचिव नितेश यादव कोषाध्यक्ष शैलेष यादव शोभायात्रा प्रभारी नारायण यादव, हरीश यादव, राजेश यादव, भुपेन्द यादव, दिलीप यादव, रवि यादव, रिंकू यादव, शेखर यादव, सूरज यादव, दीनू यादव, उत्तम यादव अश्विनी यादव महिला पदाधिकारी- उपाध्यक्ष- श्रीमति कामता यादव, कामिनी यादव, भारती यादव, निर्मला यादव, मधु यादव, शोभा यात्रा प्रभारी- श्रीमति मंजु यादव, शीला यादव, सुनीता यादव, केशर यादव, बुधिया यादव, हिरौदी यादव, बैंठक में विभिन्न वार्ड से आये हुए गौटिया गणों व नगर पदाधिकारियों ने अपने - अपने क्षेत्र में कृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा व सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सारगर्भित बातों को रखी साथ ही गौटिया गणों ने अपने क्षेत्र से आने वाले झांकी का पंजीयन भी कराया साथ ही बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए पंजीयन कराया सभी लोगों में उत्साह व जोश का वातावरण देखने को मिला। इसके साथ ही अगले बैठक नंदई में 11 अगस्त 2024 व शंकरपुर में 18 अगस्त 2024 को कराने नंदई व शंकरपुर के सामाजिक बंधुओं ने बैठक की अनुमति व संदेश प्रसारित कर सभी को उपस्थित होने की अपील की गई। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से अपनी उपस्थिति प्रदान की जिसमें श्री मन्ना यादव, नारायण यादव, मंजु यादव, शीला यादव, राजीव यादव, रोहित यादव, मुकेश यादव, दीनू यादव, सौरभ यादव, आदित्य यादव, सुनीता यादव, केशर यादव, मधु यादव, सूरज यादव, बुधिया यादव, रजनी यादव, रूक्खमणी यादव, सादिया यादव, अंजु यादव, सरस्वती यादव, सुशीला यादव, सुमन यादव, भारती यादव, संगीता यादव, सुमिता यादव, रीना, कामिनी, दुर्गा, प्रमिला, कामता, विमला, गौरी, नथिया, सुमित्रा, हिरौंदी, मीना यादव, राजकुमारी, रीना, सरिता, किरण, यह जानकारी संगठन प्रभारी भोला यादव ने दी।

## इतवारी टाटानगर एक्सप्रेस आज रद्द रहेगी

डोंगरगढ़ (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के अंतर्गत कलमना स्टेशन यार्ड में जारी थर्ड लाईन के कार्य के कारण नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से टाटानगर तक चलने वाली गाडी क्र.18110 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस दिनांक 07-08-2024 को रद्द रहेगी।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
3-5-9
150-6 188-7
राजधानी
4-7-9
669-1 589-2

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)

रा.प्र.क्रं.202407092100042 — **ईश्तहार** — अ/6 वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण (1. शांति स्वरूप दास पिता स्व. श्री प्रेमदास मानिकपुरी उम्र 46 वर्ष 2. यशवर्धन द्वारा पिता श्री संजीव कुमार दास उम्र 21 वर्ष दोनों निवासी गणेश वार्ड नं. 10 डोंगरगढ़ तह. डोंगरगढ़ जिल्ला राजनांदगांव) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक क्रमांक 1 के पिता तथा आवेदक क्रमांक 2 के दादा स्व. श्री प्रेमदास मानिकपुरी के स्वामित्व की भुमि डोंगरगढ़ के भू-खण्ड क्रमांक 2154 रकबा 1482 वर्गफुट गणेश वार्ड नं. 10 में स्थित है जिस पर मकान बना हुआ है उपरोक्त भूमि में स्व. श्री प्रेमदास मानिकपुरी का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज है। कण्डिका 1 में दर्शित भूमि में स्व. श्री प्रेमदास मानिकपुरी पिता स्व. श्री अधीनदास की मृत्यु दिनांक 18/11/2011 को हो चुकी है. उनके द्वारा अपने जीवनकाल में दिनांक 20/07/2010 को एक पंजीकृत वसीयत नामा निष्पादित किया गया, तथा वसीयत नामा के आधार पर अपने मृत्यु के पश्चात अपने स्वामित्व की संपत्ति जो डोंगरगढ़ गणेश वार्ड नं 10 के भू-खण्ड क्रमांक 2154 रकबा 1482 वर्गफुट स्थित है जिस पर मकान बना हुआ है, को आवेदकगण को दिया था। स्व. श्री प्रेमदास मानिकपुरी के द्वारा निष्पादित पंजीकृत वसीयतनामा में इस रात का उल्लेख था कि जब तक वे और उनकी पत्नी जीवित रहेंगे उपरोक्त मकान के स्वामी रहेंगे, उन दोनों के मृत्यु के पश्चात उक्त मकान वसीयत ग्रहिता को प्राप्त होगा, स्व. श्री प्रेमदास मानिकपुरी की पत्नी अर्थात आवेदक क्रमांक 1 की मां तथा क्रमांक 2 की दादी, की मृत्यु 03/02/2024 को डोंगरगढ़ में हुई है, जिसके पश्चात उक्त वसीयत नामा के आधार पर वाद संपत्ति में अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदकगण के द्वारा यह आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया। स्व. श्री प्रेमदास मानिकपुरी के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जो डोंगरगढ़ के भू-खण्ड क्रमांक 2154 रकबा 1482 वर्गफुट गणेश वार्ड नं. 10 में स्थित है जिस पर मकान बना हुआ है पर से स्व. श्री प्रेमदास मानिकपुरी का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर, उसके स्थान पर आवेदकगण क्रमशः शांति स्वरूप दास एवं यशवर्धन दास का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने का निवेदन किया है. आवेदन पत्र के साथ तलवाना, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 21/08/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है. नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

### न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

रा. प्र. क्रं. 202407291500005
शीर्ष अ-6 वर्ष 2023-24

**// उद्घोषणा //**

क्रमांक/4649/ वा. नजूल / 2024
खैरागढ़, दिनांक 29/07/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक चंदन गिरी पिता स्व. श्री विनोद गिरी एवं अन्य निवासी वार्ड क्रमांक-07 गोलबाजार खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला गोलबाजार ब्लाक नं. 06 स्थित भूखण्ड क्रमांक 244 रकबा 6225 वर्गफूट भूमि आवेदक के पिता विनोद गिरी एवं दादी श्रीमती मालविका गिरी का नाम संयुक्त खातेदार के साथ दर्ज है। आवेदक द्वारा खातेदार विनोद गिरी पिता स्व. भुवन गिरी एवं श्रीमती मालविका गिरी पति स्व. भुवन गिरी की मृत्यु हो जाने के कारण उक्त वादभूमि पर विधिक वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वाद भूमि संबंधी रिकार्ड में विधिक वारिसानों के नाम पर फौती दर्ज की कार्यवाही किए जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति / आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29-07-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई**

# एनपीएस में सिकलसेल एनिमिया उन्मूलन हेतु रक्त जांच



राजनांदगांव (दावा)। जिले के सुविख्यात शैक्षणिक संस्थान नीरज पब्लिक स्कूल, पेण्ड्री में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री के आव्हान पर जिलाधीश, राजनांदगांव के निर्देशानुसार विगत 01 अगस्त तथा 05 अगस्त 2024 को विद्यार्थियों की रक्त जांच हेतु एक शिविर का आयोजन किया गया। सिस्टर अनुसुईया बोगा के नेतृत्व में एक प्रशिक्षित मेडिकल टीम ने लगभग 1000 से अधिक विद्यार्थियों के रक्त की जांच की। ये रक्त जांच पालकों की सहमति के साथ की गई। शाला की प्राचार्या सुश्री भारती गौते ने इस शिविर को उपयोगी बताते हुए कहा की सिकल सेल एनिमिया उन्मूलन की दिशा में यह रक्त जांच एक महत्वूपर्ण पहल है, और इससे छात्रों के स्वास्थ्य की सही देखरेख की जा सकेगी।

## डॉ. सत्यजीत मेश्राम का देहावसान



राजनांदगांव। स्थानीय वार्ड नं. 12 स्टेशन पारा निवासी डॉ. सत्यजीत मेश्राम (निक्कु) पशु चिकित्सक का आकस्मिक निधन 6 अगस्त को हो गया है। मृदभाषी व मिलनसार व्यक्ति के धनी श्री मेश्राम अपने पीछे एक पुत्र, एक पुत्री व पत्नि डॉ. ममता मेश्राम (पशु चिकित्सक) को छोड़ गये। उनकी अंतिम यात्रा कल 7 अगस्त दोपहर एक बजे निज निवास स्टेशनपारा से मुक्तिधाम लखोली हेतु निकाली जावेगी।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 2 खेलों में
समय : 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
धर्मा प्राडक्शन कृत
किल KILL
(THIS JOURNEY IS ONE WAY)
कलाकार - राघव जुयाल, तान्या मनिक ताल, लक्ष्य अदिर सिंह, आशीष विद्यार्थी आदि।
रोजाना 2 खेल, 12 एवं 3 बजे
हण्डा




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
02nd Aug to 08th Aug 2024
silver SCREEN




Auron Mein Kahan Dum Tha - 12:30, 03:00, 06:00, 06:15 and 09:00 pm
Deadpool & Wolverine 2D - 03:30 & 09:30 pm
Ulajh - 12:15, 06:30 & 09:15 pm
Handa (C.G)- 12:00 & 03:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

### छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग कवर्धा वनमंडल, कवर्धा (छत्तीसगढ़)

**नीलाम की संक्षिप्त सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कवर्धा वनमंडल कवर्धा के अंतर्गत काष्ठागार चिल्फी में एकत्रित ईमारती काष्ठ का नीचे दर्शित तिथि एवं समय में नीलाम किया जावेगा। इच्छुक क्रेता नीलाम में भाग ले सकते हैं। नीलाम की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

नीलाम दिनांक - 20.08.2024
नीलाम स्थल - चिल्फी डिपो
समय - 10:00 बजे प्रातः से

वनोपज की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार है-

| प्रजाति | नया काष्ठ | | | अनबिके काष्ठ | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| सागौन | - | - | - | 0.326 | 4 | 1 | 0.326 | 4 | 1 |
| साल | 512.843 | - | 280 | 91.707 | 14 | - | 604.550 | 14 | 280 |
| बीजा | 55.631 | 08 | 168 | - | - | - | 55.631 | 8 | 168 |
| साजा | 71.703 | - | 108 | 4.687 | 7 | - | 76.390 | 7 | 108 |
| हल्दू | 10.253 | 1 | 3 | 0.237 | - | - | 10.490 | 1 | 3 |
| तिंसा | 97.491 | - | 329 | - | - | - | 97.491 | - | 329 |
| स.मो. | 43.960 | 4 | 51 | - | - | - | 43.960 | 4 | 51 |
| धावड़ा | 63.775 | - | 137 | 1.139 | - | - | 64.914 | - | 137 |
| कसही | 41.302 | 24 | 74 | 5.905 | - | - | 47.207 | 24 | 74 |
| अन्य | 36.094 | - | 91 | 0.773 | - | - | 36.867 | - | 91 |
| योग | 933.052 | 37 | 1241 | 104.774 | 25 | 1 | 1037.826 | 62 | 1242 |

टीप:- व्यापारी पंजीयन प्रमाण पत्र एवं PAN No./GST No. प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

किसी भी व्यक्ति को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व नीलाम की शर्तों का पालन करने के करार के प्रतीक स्वरूप विक्रय सूचना पर हस्ताक्षर करना होगा तथा प्रत्येक लॉट के संबंध में बोली लगाने के पूर्व जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10 प्रतिशत के बराबर या 1000/- रू. इनमें से जो अधिक हो, बयाने की राशि जमा करना होगा।

जी- 242501633/2 — **वन मंडलाधिकारी कवर्धा, वनमण्डल कवर्धा**

### छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग

राजनांदगांव वनमंडल राजनांदगांव

कार्या - 225059
निवास - 226389

सर्व साधारण सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि राजनांदगांव एवं मोहला वन मण्डल डिपो में उपलब्ध ईमारती/जलाऊ/ बांस का निम्नानुसार नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक क्रेताओं से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लें। नीलाम की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय से अथवा नीलाम के समय दी जा सकती है।

**नीलाम स्थल चिरचारी काष्ठागार, नीलाम दिनांक 16.08.2024, समय - 9.00 बजे**

काष्ठागार का नामः- चिरचारी, — वनमण्डल राजनांदगांवः- राजनांदगांव

| क्र. | प्रजाति | नये वनोपज | | पुराने वनोपज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ईमारती घ.मी. | बल्ली / डे.नग | ईमारती घ.मी. | बल्ली / डे.नग | ईमारती घ.मी. | बल्ली / डे.नग |
| 1. | सागौन | 108.939 | 2710 | 347.655 | 4205 | 456.594 | 6915 |
| 2. | बीजा | 86.877 | 377 | 253.801 | 1238 | 340.678 | 1615 |
| 3. | साजा | 79.119 | 69 | 37.133 | - | 116.252 | 69 |
| 4. | ह.मु.ख. | 3.864 | - | 0.388 | 11 | 4.252 | 11 |
| 5. | धावड़ा | 44.742 | 28 | - | - | 44.742 | 28 |
| 6. | तिन्सा | 0.501 | 2 | 0.812 | 5 | 1.313 | 7 |
| 7. | कसही | - | - | 9.220 | 39 | 9.220 | 39 |
| 8. | कर्रा | 35.251 | 82 | - | - | 35.251 | 82 |
| 9. | भिरहा | 9.587 | - | - | - | 9.587 | - |
| 10. | अन्य | 155.299 | 40 | 16.551 | - | 171.850 | 40 |
| | योग | 524.179 | 3308 | 665.560 | 5498 | 1189.739 | 8806 |
| 1 | चिरचारी डिपो का मिश्रित जलाऊ 50 चट्टा नया | | | | | | |
| 2 | अस्थाई डिपो मानपुर का व्यापारिक बांस 15740 नग, 30.708 नो.टन पुराना | | | | | | |

काष्ठागार का नाम :- अ.डि.मानपुर, — वनमण्डल :- मोहला

| क्र. | प्रजाति | नये वनोपज | | पुराने वनोपज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ईमारती घ.मी. | बल्ली / डे.नग | ईमारती घ.मी. | बल्ली / डे.नग | ईमारती घ.मी. | बल्ली / डे.नग |
| 1. | सागौन | 74.060 | - | 307.518 | - | 381.578 | - |
| 2. | बीजा | - | - | 32.283 | - | 32.283 | - |
| 3. | साजा | 14.240 | - | 29.738 | - | 43.978 | - |
| 5. | तिन्सा | - | - | 2.364 | - | 2.364 | - |
| 6. | ह.मु.ख. | - | - | 3.319 | - | 3.319 | - |
| | योग | 88.300 | - | 375.222 | - | 463.522 | - |
| | व्या.बांस | - | - | 23285 नग | 53.616 नो.टन | 23285 नग | 53.616 नो.टन |
| | | | | | | | |
| | औ.बांस | नग | नो.टन | नग | नो.टन | नग | नो.टन |
| | 2 मीटर | 6448 | 107.466 | 25560 | 426.000 | 32008 | 533.466 |
| | 1 मीटर | 1500 | 12.497 | 7260 | 60.496 | 8760 | 72.993 |
| | योग | 7948 | 119.963 | 32820 | 486.496 | 40768 | 606.459 |
| | जलाऊ चट्टा | 255 नग | - | 584 नग | - | 839 नग | - |
| 1 | उपभोक्ता डिपो अं.चौकी सागौन 19.987 घ.मी. नया | | | | | | |
| 2 | उपभोक्ता डिपो अं.चौकी के जलाऊ चट्टा 60 नग नया | | | | | | |

**टीप- चिरचारी काष्ठागार का नीलाम सम्पन्न होने के पश्चात मोहला वनमण्डल का नीलाम प्रारंभ होगा।**

1. प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व प्रत्येक लाट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10 प्रतिशत के बराबर राशि या 1000/- रूपये इसमें जो भी अधिक हो जमा करना अनिवार्य है।
2. क्रेता द्वारा नीलाम में बोली लगाने के पूर्व चालू वर्ष का विनिर्माता/ उपभोक्ता / व्यापारिक पंजीयन प्रमाण पत्र, GST कर एवं आयकर पेन कार्ड की छाया प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तत्पश्चात ही कार्य आदेश जारी किया जावेगा।
3. GST कर की राशि का भुगतान पृथक से ''संबंधित वन मंडल अधिकारी'' के नाम से बैंक ड्राफ्ट जो राजनांदगांव / मोहला में देय हो. तैयार कर प्रस्तुत करना होगा ।
4. ई.एम.डी.में राष्ट्रीयकृत बैंकों के मल्टीसिटी चेक ऐसे समस्त राष्ट्रीयकृत बैंक जो कि संबंधित वनमण्डलाधिकारी के मुख्यालय पर स्थित हो, से संबंधित वनमण्डलाधिकारी के नाम पर जारी होगा स्वीकार किया जावेगा, अन्य बैंकों का नहीं।

जी- 242501655/2 — **वनमण्डलाधिकारी राजनांदगांव वनमण्डल राजनांदगांव**

### कार्यालय नगर पालिक निगम राजनांदगांव (छ.ग.)

**// विज्ञप्ति //**

**(कर निर्धारण पंजी के स्वामित्व खाने में नाम परिवर्तन हेतु)**

क्रमांक 451/ राजस्व / नामांतरण /2024-25 — राजनांदगांव, दिनांक 01/08/2024

| स.क्र. | प्र.क्र. | आवेदक का नाम / पिता पति का नाम | पता | भवन एवं भूमि | विक्रेता का नाम (वर्तमान स्वामी) | हस्तांतरण का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 65 | श्री सिद्धार्थ पाण्डे आ. मुकेश पाण्डे सनसीटी कालोनी वा.नं. 33 | वा.नं. 33 | भूमि | महावीर एसोसिएटस श्री विनोद बोहरा आ.श्री जेठमल बोहरा सनसीटी कालोनी वा.न.33 | रजिस्ट्री द्वारा |
| 2 | 66 | श्रीमति दिव्या साहू ध.प.श्री नरेन्द्र कुमार साहू, सनसीटी कालोनी वा.नं. 33 | वा.नं. 33 | भूमि | महावीर एसोसिएटस श्री विनोद बोहरा आ.श्री जेठमल बोहरा सनसीटी कालोनी वा.न.33 | रजिस्ट्री द्वारा |
| 3 | 67 | श्री केशरीचंद जैन आ.श्री धरमचंद जैन श्रीमती अनिता जैन ध.प. श्री केशरीचंद जैन, सनसीटी कालोनी वा.नं. 33 | वा.नं. 33 | भूमि | आर.एस.कंस्ट्रक्शन, श्री विनोद बोहरा आ.श्री जेठमल बोहरा सनसीटी कालोनी वा.न.33 | रजिस्ट्री द्वारा |
| 4 | 68 | श्री विजय लाल कोटड़िया आ.लालचंद जैन सनसीटी कालोनी वा.नं. 33 | वा.नं. 33 | भूमि | आर.एस.कंस्ट्रक्शन, श्री विनोद बोहरा आ.श्री जेठमल बोहरा सनसीटी कालोनी वा.न.33 | रजिस्ट्री द्वारा |
| 5 | 69 | श्री गुलाबचंद जैन आ. श्री धरमचंद जैन सनसीटी कालोनी वा.नं. 33 | वा.नं. 33 | भूमि | आर.एस.कंस्ट्रक्शन, श्री विनोद बोहरा आ.श्री जेठमल बोहरा सनसीटी कालोनी वा.न.33 | रजिस्ट्री द्वारा |
| 6 | 70 | श्री फुलचंद जैन आ.आईदान जैन सनसीटी कालोनी वा.नं. 33 | वा.नं. 33 | भूमि | आर.एस.कंस्ट्रक्शन, श्री विनोद बोहरा आ.श्री जेठमल बोहरा सनसीटी कालोनी वा.न.33 | रजिस्ट्री द्वारा |
| 7 | 71 | श्री पारसमल जैन आ.धरमचंद जैन, श्रीमती रश्मि पूजा जैन सनसीटी कालोनी वा.नं. 33 | वा.नं. 33 | भूमि | आर.एस.कंस्ट्रक्शन, श्री विनोद बोहरा आ.श्री जेठमल बोहरा सनसीटी कालोनी वा.न.33 | रजिस्ट्री द्वारा |
| 8 | 72 | श्री वेद प्रकाश जैन आ.श्री धरमचंद जैन सनसीटी कालोनी वा.न.33 | वा.नं. 33 | भूमि | आर.एस.कंस्ट्रक्शन, श्री विनोद बोहरा आ.श्री जेठमल बोहरा सनसीटी कालोनी वा.न.33 | रजिस्ट्री द्वारा |
| 9 | 73 | श्री रमेश जैन आ. श्री लक्ष्मीलाल जैन सनसीटी कालोनी वा.नं. 33 | वा.नं. 33 | भूमि | आर.एस.कंस्ट्रक्शन, श्री विनोद बोहरा आ.श्री जेठमल बोहरा सनसीटी कालोनी वा.न.33 | रजिस्ट्री द्वारा |
| 10 | 74 | श्रीमति छन्नी वर्मा ध.प. पन्नालाल वर्मा सनसीटी कालोनी वा.नं. 33, डी 75 | वा.नं. 33 | भवन | श्री अनिल कुमार टांक आ. श्री भंवरलाल टांक, ठेठवार पारा वा.न.37 | रजिस्ट्री द्वारा |
| 11 | 75 | सुप्रिया मंडल आ. गौतम मंडल निवासी रायपुर नाका के पास राजनांदगांव | वा.नं. 23 | भवन एस बी | महेश अग्रवाल आ. श्री राम अवतार म.न.ए/ वा.नं.27 कैलाशनगर राज. | पंजीयन द्वारा |
| 12 | 76 | राज बिल्डर्स प्रो. किशोर बैद राज. | वा.नं. 23 | टावर फ्लैट 303 | महेन्द्र कुमार आ. पुखराज बैद निवासी राज. | पंजीयन द्वारा |
| 13 | 77 | सूरज मनकानी आ. हुजराज मनकानी निवासी वा.न. 24 लालबाग सिंधी कालोनी राज. | वा.नं. 23 | भूमि | नंदकिशोर शर्मा आ. रामगोपाल शर्मा निवासी पोलसाय पारा जिला दुर्ग | पंजीयन द्वारा |
| 14 | 78 | नीतू मिश्रा ध.प. शशिधर मिश्रा, अनुपम नगर सहदेव नगर | वा.नं.23 | भवन सी/402 | विजय कुमार जैन आ. श्री लालचंद, म.580 वा.नं. 29 लालचंद सा मिल | पंजीयन द्वारा |
| 15 | 79 | तन्मय बाबरिया आ. श्री संतोष कुमार बाबरिया राज. | वा.नं.23 | भवन | जीवन हाइटसः शाहिद खान आ. श्री अब्दुल रसीद खान, निवासी आलीखुंटा राज. | पंजीयन द्वारा |
| 16 | 80 | श्री कल्पेश पित्रोड़ा आ. श्री मूलजी भाई पित्रोड़ा, सनसीटी कालोनी एन एक्स एक्सटेशन वा.नं. 33 | वा.नं. 33 | भवन | महावीर एसोसिएटस श्री विनोद बोहरा आ. श्री जेठमल बोहरा जयस्तंभ चौक वा.नं. 25 | रजिस्ट्री द्वारा |

उपरोक्त परिवर्तन के संबंध में हित रखने वाले किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 30 दिनों के भीतर निगम कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के भीतर आपत्ति प्रस्तुत न होने पर आवेदक का नाम नगर पालिक निगम राजनांदगांव के कर निर्धारण पंजी पर नामांकित कर दिया जावेगा, आपत्ति प्रस्तुत करते समय प्रकरण क्रमांक का उल्लेख अवश्य करें।

आ.क्रं. 69/जनसंपर्क/2024

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम राजनांदगांव**

# जनता कालोनी सामुदायिक भवन में आयोजित शिविर में कैलाश नगर, लखोली क्षेत्र के वार्डवासी उत्साह से पहुँचकर दिये 171 आवेदन

**0 सफाई के शिकायत का त्वरित निराकरण तथा आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड व श्रम कार्ड शिविर में ही बना, लाभांवितों में खुशी**



राजनांदगांव (दावा)। जन समस्या निवारण पखवाड़ा के तहत नगर निगम द्वारा वार्डो में आयोजित शिविर को अच्छा प्रतिसात मिल रहा है, वार्डवासी अपने मांगों एवं शिकायत को लेकर उत्साह से शिविर में पहुँच रहे है। आज वार्ड नं. 29,30,31 व 36 के लिये जनता कालोनी सामुदायिक भवन में आयोजित शिविर में बड़ी तादात में वार्डवासी पहुँच 171 आवेदन दिये, जिसमें से 60 आवेदन का शिविर में ही निराकरण किया गया तथा 50 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण करा निःशुल्क दवा लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया।

आज जनता कालोनी शिविर में निराकरण में सफाई के 2 प्रकरण में मठपारा सुलभ शौचालय की सफाई नहीं होने की क्षेत्रवासियों की शिकायत का त्वरित निराकरण कर सफाई कराया गया। इसी प्रकार जनता कालोनी में बाजपेयी किराना के पीछे नाली सफाई कि शिकायत पर सफाई कराकर निराकरण किया गया। साथ ही आधार कार्ड पंजीयन के 27, आयुष्मान कार्ड के 21 व श्रमिक पंजीयन 9 प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया गया, जिसपर जनता कालोनी निवासी हरि प्रसाद बाजपेयी ने आधार कार्ड बनने, लखोनी के तुगन सोनकर ने आधार अपडेट होने पर तथा संजय नगर के चंदन फिकरे ने आयुष्मान कार्ड बनने व लखोली की मालती सोनकर ने श्रम कार्ड बनने पर सरकार एवं नगर निगम का आभार व्यक्त कर कहा कि वार्ड में ही शिविर आयोजित होने से कम समय में समस्या का निराकरण हुआ।


कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के साथ शिविर का जायजा लेकर सभी स्टालो का निरीक्षण किया और उपस्थित वार्डवासियों से रूबरू हो उनके मांगों एवं शिकायतों के संबंध में चर्चा की और कहा कि आपके वार्ड में शासन मंशानुरूप शिविर आयोजित किया गया है, जिसमें बिजली, पानी, सफाई, विद्युत, निर्माण संबंधी समस्या के अलावा आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम पंजीयन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन के प्रकरणों का शिविर में निराकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आप सभी शिविर का लाभ ले और अपने आस पास के वार्डवासियों को भी उनके वार्ड के लिये आयोजित शिविर में लाभ लेने पहुँचने प्रेरित करे।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने शिविर में आये आवेदनों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उपायुक्त व नोडल अधिकारी मोबिन अली ने बताया कि नये नल कनेक्शन, पानी कम आने, राशन कार्ड मे नाम जोडने व नया बनाने, स्वयं के भूमि पर आवास निर्माण, पट्टा वितरण, स्ट्रीट लाईट लगाने व मरम्मत, साफ सफाई तथा रोड नाली निर्माण के अलावा स्व रोजगार हेतु ऋण, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड व श्रम पंजीयन के लिये आवेदन प्राप्त हो रहे है। कलेक्टर ने कहा कि जिन आवेदनों का निराकरण तत्काल होना संभव हो उसका शिविर में ही निराकरण करे तथा शेष आवेदनों में मांग व शिकायत को विभागवार अलग अलग पंजीबद्ध कर प्राथमिकता के आधार पर यथासंभव निराकरण करे।

आज के शिविर में नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा सहित संबंधित पार्षद गप्पू सोनकर, पार्षद प्रतिनिधि अरूण दामले व जीवन चतुर्वेदी उपस्थित हुये और वार्डवासियों से शिविर में अधिक से अधिक संख्या में आकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील किये।

वार्डो के लिये आयोजित शिविर अंतर्गत कल 7 अगस्त को कर्मा भवन बैगापारा लखोली में वार्ड नं. 32,33,34 व 35 के लिये तथा 8 अगस्त को वार्ड नं. 39,40,41 व 48 के लिये गुरूघासीदास भवन नंदई में प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर आयोजित किये जायेगे। शिविर में समाज कल्याण अधिकारी भूपेन्द्र वाडेकर, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, उप अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, श्रीमती ज्योति साहू, सुश्री आयुषी सिंह, अनूप पाण्डे सहित विभिन्न विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# श्री शिवमहापुराण कथा समापम पर पं. प्रदीप मिश्रा ने संस्कारधानी वासियों के प्रति कहे आशीर्वचन



**अंतिम दिन के कथा श्रवण के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

राजनांदगांव (दावा)। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा द्वारा शहर के पद्मश्री आडिटोरियम में आयोजित पांच दिवसीय श्री शिवमहापुराण कथा के अंतिम दिन भगवान भोलेनाथ शिव पूजन की महत्ता बताते हुए महराज जी ने कहा कि एक लोटा जल में मेरे भोलेनाथ भक्तों की सारी समस्याओं का हल कर देते है। महराज जी ने कहा कि श्री शिवाय नमस्तुभ्यम् का जाप न केवल मन व अंतःकरण की शुद्धि करता है,आत्मा की भी शुद्धि करता है। भगवान शिव अपने भक्तों के सारे कष्टों का हरण कर लेते हैं। कथा वाचक श्री मिश्रा जी ने श्रावण मास में छत्तीसगढ़ आना व यहां के श्रद्धालु शिव भक्तों को श्री शिवमहापुराण कथा का श्रवण कराना सौभाग्य की बात बताया। महराज जी के श्री शिवमहापुराण कथा वाचन के लिए आडिटोरियम में पूर्व सांसद प्रदीप गांधी , मधुसूदन यादव नगरनिगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता सपत्नीक उपस्थित थे। इस दौरान पूरा आडिटोरियम खचाखच भरा रहा। कथा श्रवण के लिएभक्तों को भीड़ उमड़ी रही।इस दौरान महराज जी के श्री शिवमहापुराण का आरती पूजन पश्चात आसन ग्रहण करते ही आयोजन समिति के सदस्य व यजमानों ने महराज जी के समीप पहुंचकर नतमस्तक होते हुए उनका चरण स्पर्श किया और आशीर्वाद ग्रहण किए।

इस दौरान कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा जी ने संस्कारधानी वासियों के प्रति प्रेम भरे आशीर्वचन कहे और श्री शिवमहापुराण कथा के दौरान पांच दिनों तक कार्यक्रम को मिले बहुत सुंदर ढंग से मीडिया कवरेज के लिए यहां के समाचार पत्रों के सम्पादक व पत्रकारों का आभार माना और पुलिस की चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन व आयोजन समिति का धन्यवाद ज्ञापित किया। महराज जी ने कहा कि बारिश के दिनों में इतने कम समय में श्री शिवमहापुराण कथा आयोजन के लिए व्यवस्था कर दिखाना संस्कारधानी वासियों के ही बस की में बात है।

उन्होंने भगवान शिव के भक्त दिनेश साहू व पूर्व सांसद मधुसूदन यादव को मंच पर बुलाकर सम्मान किया। श्री शिवमहापुराण कथा के समापन अवसर पर महराज जी को भक्तों ने शाल ओढ़ाकर व पुष्प गुच्छ प्रदान कर विदाई दी। इस दौरान उनकी आंखें नम रही। इस अवसर पर बाल रोग विशेषज्ञ, पद्मश्री डाक्टर पुखराज बाफना , सेवा भावी संस्था उदयाचल के अशोक मोदी अमित खंडेलवाल अशोक खंडेलवाल, पत्रकार सुरेंद्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों व समाज सेवियो के अलावा सैकड़ों शिव भक्तों जन उपस्थित थे जिनके द्वारा महराज जी से पुनःयहां श्रीशिवमहापुराण कथा कहने के लिए आने की लिए निवेदन किया । पूर्व सांसद व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधु सूदन यादव ने कहा कि आने वाले दिनों में शहर के किसी बड़े खुले स्थान में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा जी की श्री शिवमहापुराण कथा कराए जाने की व्यवस्था कराई जा रही है। पत्रकार सुरेंद्र गुप्ता ने बताया कि राजनांदगांव से कथा समाप्ति के बाद अगला श्री शिवमहापुराण कथा 12 अगस्त से 16 अगस्त तक राजधानी नया रायपुर में होने वाली है। भगवान श्री शिव के भक्तों को एक बार फिर नया रायपुर में पं. मिश्रा जी के श्री मुख से श्री शिवमहापुराण कथा श्रवण का लाभ मिलेगा।

# शा. उच्च. माध्य. विद्यालय सांकरा ज में किया गया संकुल स्तरीय शिक्षक-पालक सम्मेलन



बालोद (दावा)। राज्य शासन के निर्देशानुसार आज बालोद विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा ज में संकुल स्तरीय मेगा शिक्षक-पालक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जगन्नाथपुर के सरपंच श्री अरूण साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला स्तरीय प्रभारी अधिकारी एवं जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा ज के प्राचार्य श्री तिलक ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत सांकरा ज की सरपंच श्रीमती वारुणी देशमुख, सेवानिवृत्त शिक्षक घासीराम दीपक, सी.आर. साहू, बी.एस. ठाकुर, मनोहर साहू, निर्मल ठाकुर, नोहरु चंद्राकर, व्याख्यता लोचन देशमुख एवं खिलेश गंगासागर सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सरपंच श्री अरूण साहू ने शिक्षक-पालक बैठक के आयोजन के शासन की इस सराहनीय प्रयास की भूरी-भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस शिक्षक-पालक बैठक के माध्यम से बच्चों के माता-पिता एवं अभिभावकों का विद्यालय के अध्ययन-अध्यापन एवं अन्य गतिविधियों से समुचित भागीदारी सुनिश्चित हो सकेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी अधिकारी श्री चन्द्रेश ठाकुर ने कहा कि विकास का मार्ग शिक्षा से ही प्रारंभ होता है। इसलिए शिक्षण संस्थानों के माध्यम से हमारे विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त एवं परिणाम उन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। जिससे कि हमारे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। श्री ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थियों के विकास एवं उन्हें शिक्षा और संस्कार प्रदान करने में शिक्षकों के अलावा उनके माता-पिता, परिवार एवं समाज की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसी मंशा के अनुरूप राज्य सरकार के द्वारा विद्यालय के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था अन्य गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु शिक्षक-पालक बैठक के आयोजन का अभिनव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल एवं भावी भविष्य के निर्माण हेतु शिक्षकों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सभी शिक्षकों से पूरे लगन, निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। कार्यक्रम को प्राचार्य श्री तिलक राम ठाकुर, सांकरा ज के सरपंच श्रीमती वारूणी देशमुख, सेवानिवृत्त शिक्षक श्री घासीराम दीपक एवं श्री सीआर ठाकुर, श्री नोहरू राम चन्द्राकर एवं अन्य अतिथियों ने एवं विशेषज्ञ शिक्षकों ने संबोधित करते हुए शिक्षा गुणवत्ता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बच्चों के पालकों एवं अभिभावकों ने भी विद्यालय के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था एवं अन्य क्रियाकलापों की भूरी-भूरी सराहना की। इस दौरान उन्होंने शिक्षा को परिणाम उन्मूखी बनाने हेतु आवश्यक सुझाव भी दिए। बैठक में छगन पटेल, गिरीश हरमुख, हंसराज देशमुख, भोलाराम साहू, नीलमति मारकण्डे, एमएल गौतम, विवेक धुर्वे, कोमल देशमुख, जीआर देशमुख, ईश्वर लेडिया, संध्या देशमुख सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिका तथा बच्चों के पालकगण उपस्थित थे।

# महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए 10-11 अगस्त को पहचान एग्जीबिशन का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। खंडेलवाल महिला मंडल अध्यक्ष सरला खंडेलवाल, उपाध्यक्ष अंजू खंडेलवाल ने बताया कि संस्कारधानी राजनादगांव की खंडेलवाल महिला मंडल सदा सेवा कार्यो में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए आगामी 10 एवं 11 अगस्त 2024 को स्थान माहेश्वरी भवन में पहचान एग्जीबिशन का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें महिलाओं द्वारा विभिन्न स्टाल स्वदेशी उत्पाद पारंपरिक वेशभूषा साड़ी सूट, आर्टिफिशियल ज्वेलरी ए घरेलू निर्मित उत्पाद आचार, पापड़, बड़ी, श्रृंगार सामग्री, बच्चों के खिलौनेए स्टेशनरी, बुटीक के उत्पाद, हर्बल उत्पाद, घरेलू साज सज्जा सामग्री, भगवान की पोशाक एवं राखियां, खाने पीने स्वादिष्ट स्टॉल एवं विभिन्न स्टॉल महिलाओं द्वारा लगाए जाएंगे। पहचान एग्जीबिशन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वावलंबी बनाना है। ताकि महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी हो सके व आत्मनिर्भर बन सके।

# करियाटोला स्कूल के समीप गिरगाँव में 6 जुआरियों के साथ पकड़ाए

डोंगरगांव (दावा)। अंचल में जुआरियों की धरपकड़ के दौरान नगर के करियाटोला स्कूल के समीप छह जुआरियों को जुआ खेलते डोंगरगाँव पुलिस ने पकड़ा है. इन जुआरियों में कमलेश, नीलेश गोंड़, राकेश निषाद, किशन निर्मलकर, खम्मनदास एवं राजकुमार ठाकुर को अपराध क्रमांक 00/24 धारा छ.ग.जुआ प्रतिषेध अधिनियम वर्ष 2022 की धारा 3 (2) पर अपराध कायम कर गिरफ्तार किया गया है.

डोंगरगांव पुलिस के उपनिरीक्षक दिनेश कुमार, प्रधान आरक्षक संदीप देशमुख एवं आरक्षक गौरव शेण्डे ने इन आरोपियों को 4 अगस्त की रात्रि नगर के ग्राम करियाटोला स्कूल के समीप पकड़ा, जिसमें कमलेश पड़ौती के फड़ से 300 रूपये, पास से 200 रूपये, निलेश गोंड के फड़ से 280 रूपये, पास से 190 रूपये, राकेश निषाद के फड़ से 150 रूपये पास से 180 रूपये, किशन निर्मलकर के फड़ से 230 रूपये, पास से 170 रूपये, खम्मनदास के फड़ से 100 रूपये पास से 200 रूपये एवं राजकुमार ठाकुर के फड़ से 270 रूपये पास से 180 रूपये, कुल 2,450 रूपये एवं 52 पत्ती ताश बरामद कर जब्त किया और सभी गिरफ्तार किया. वहीं जुर्म जमानतीय होने व सक्षम जमानदार के पेश करने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया है. मौके पर देहाती नालसी अपराध क्र. 00/2024 धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम की 2022 की धारा 3(2) कायम कर विवेचना में लिया गया है.

बता दें कि इन जुआरियों में राजकुमार ठाकुर डोंगरगांव ब्लॉक के गिरगाँव शासकीय प्राथमिक शाला में प्रधानपाठक के पद पर हैं. इस तरह जुआरियों के साथ प्रधानपाठक के पकड़े जाने से पूरे शहर में चर्चा का विषय है. शिक्षक जैसे जिम्मेदार एवं अनुकरणीय पद की गरिमा को बनाए रखने के स्थान पर इस प्रकार के असामाजिक व अपराधिक कृत्य में संलिप्त रहना अत्यंत अशोभनीय है.

# एन.पी.एस. में सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला



राजनांदगाँव (दावा)। जिले के अग्रणी एवं प्रतिष्ठित स्थानीय शैक्षणिक संस्थान नीरज पब्लिक स्कूल, पेण्ड्री में विगत् 03 अगस्त को छात्रों में सड़क सुरक्षा हेतु जागरूकता उत्पन्न करने एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को नगर के जाने माने हड्डी रोग विशेषज्ञों ने संबोधित किया। आर्थोपेडिक एसोएिशन के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रकाश भालेरॉव सहित डॉ. राजेश सदानी, डॉ. राजेश डुलानी, डॉ योगेश सोनी, डॉ. दिवाकर, डॉ. रितेश भोस्कर एवं डॉ. सुभाष रावटे द्वारा कार्यशाला में छात्रों को सुरक्षा उपकरणों के साथ स्वयं की सुरक्षा के बारे में शिक्षित किया गया। अपने संबोधन में विभिन्न चिकित्सकों ने सड़क सुरक्षा के महत्व और अपने बहुमूल्य जीवन के बचाव को रेखांकित करते हुए, ये बताया कि, अगर हम अपनी सुरक्षा का दायित्व खुद उठाये तो अनमोल जीवन को बचाया जाया जा सकता है। कार्यशाला में छात्रों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए, चिकित्सकों के संबोधन के अंत में चिकित्सकों से प्रश्न पूछे। चिकित्सकों ने उनकी जिज्ञासा को शांत करते हुए उन प्रश्नों का भलीभांति उत्तर प्रदान किया। इस अवसर पर शाला की प्राचार्या सुश्री भारती गौते द्वारा इस अनूठी पहल की प्रशंसा करते हुए इसे छात्रों की सुरक्षा की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण पहल बताया तथा उपस्थित चिकित्सकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यशाला का कुशल संचालन शाला के अंग्रेजी शिक्षक श्री अभिजीत मुखर्जी द्वारा किया गया।

# संकुल स्तरीय मेगा पालक बैठक में पालकों ने रखे अपने विचार





**जानकारों ने नयी शिक्षा के विषय में दी जानकारी**

डोंगरगांव (दावा)। राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार व संजय अग्रवाल कलेक्टर राजनांदगांव, सुश्री सुरुचि सिंह जिला पंचायत सी.ई.ओ, अभय जायसवाल जिला शिक्षा अधिकारी, सतीश ब्यौहारे जिला मिशन समन्वयक के मार्ग दर्शन में संकुल केन्द्र कोकपुर में 6 अगस्त को संकुल स्तरीय पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया. संकुल केन्द्र कोकपुर के अंतर्गत आने वाले तीन पंचायत के चार ग्रामों के आठ स्कूलों के सभी एस.एम.सी सदस्यों को आमंत्रित किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में ठाकुरराम साहू सरपंच कोकपुर, मीना साहू सरपंच चिचदो, विद्या चंद्राकर कार्यक्रम मनरेगा अधिकार जनपद पंचायत डोंगरगांव, बीईओ आर.एल.पात्रे, एबीईओ सुश्री रश्मि ठाकुर, क्षितिज सोरी, जयंत साहू, बीआरसी अरविंद रत्नाकर, संकुल प्राचार्य काजलराम सोरी उपस्थित हुए. शुभारंभ में कोनिका सोनी, ममता बोरकर व मालतेश्वरी कुल्हारे शिक्षिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया. तत्पश्चात अतिथि के रूप में उपस्थित सभी पालकों का फूलमाला व गुलाल लगाकर स्वागत किया गया. कोकपुर संकुल समन्वयक राहुल जैन ने पालक शिक्षा मेगा बैठक के उद्देश्यों को बताया गया. वहीं एस.आर.जी. कोनिका सोनी ने नई शिक्षा नीति के तहत निपुण भारत के समस्त बिंदुओं को पालकों के समक्ष विस्तार से प्रस्तुत किया. साथ ही खिलौना कार्नर, पुस्तकालय, अंगना में शिक्षा कार्यक्रम, शाला प्रबंधन समिति और पालक जागरूकता से बच्चों में भाषाओं व गणितीय कौशल का विकास करना है. इसके साथ बच्चों डिजिटल माध्यम से जोडने् तथा जानकारी हेतु सभी पालकों के मोबाइल में ई-जादुई पिटारा और दीक्षा एप्प इंस्टाल कराया गया. वहीं सभी विषयों पर मुख्य रूप से संकुल प्राचार्य के.आर.सोरी, व्याख्याता शैलेन्द्र यदु ने आवश्यक जानकारी दी. इस दौरान उपस्थित जागरूक पालकों ने भी शिक्षा नीति में सुधार हेतु अपने विचार रखे. कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष, सदस्य व सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता शैलेन्द्र यदु द्वारा किया गया.

# रॉयल किड्स कॉन्वेंट में विख्यात डॉक्टरों द्वारा आयोजित हुई सड़क सुरक्षा व्याख्यान माला



राजनांदगांव (दावा)। गुणवत्ता युक्त शिक्षण संस्थान रॉयल किड्स कान्वेंट में 1 अगस्त 2024 को शहर के प्रसिद्ध डॉक्टरों, डॉ. मालेवार, डॉ. राजेश सदानी, डॉ. राजेश डुलानी, डॉ. रितेश भोस्कर, डॉ. संजय बक्शी, डॉ. मानस श्रीवास्तव, डॉ. योगेश सोनी द्वारा शाला के छात्रों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सर्वप्रथम कार्यक्रम का आरंभ डॉक्टरों को पुष्पगुच्छ से सम्मानित कर किया गया तत्पश्चात छात्रों को यह समझाया गया कि बिना लाइसेंस की गाड़ी चलाना वर्जित है सभी डॉक्टरों ने बताया कि धूम्रपान करके गाड़ी ना चलाएं, तीव्र गति से एवं मोबाइल में बात करते हुए गाड़ी ना चलाएं और हेलमेट अवश्य पहनें यातायात चिन्हों को ध्यान में रखकर गाड़ी चलाएं, एंबुलेंस, अग्निशामक और पुलिस का नंबर अपने पास हमेशा रखें इस तरह इन नियमों को अपनाकर एक आदर्श नागरिक होने का परिचय दें।

अंत में सभी डॉक्टर ने आईसीएसई कोर्स की, शाला के शिक्षकों की विद्वत्ता की और शाला प्रांगण की भूरि-भूरि प्रशंसा की और शाला के प्राचार्य ने उन्हें रॉयल किड्स कान्वेंट में पढे बच्चों के प्लेसमेंट के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा डॉ. सविता जे बी सिंह, संजय बहादुर सिंह, अशोक चौधरी, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, बरसर आई.के.वैष्णव, सीआईएससीई प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, सीबीएसई प्राचार्या एकता खंडेलवाल, उपप्राचार्य, एक्टिविटी कल्चरल इंचार्ज, एच एम, कोऑर्डिनेटर, एवं सभी शिक्षकों ने डॉक्टरों को अच्छी-अच्छी ज्ञान पूर्ण बातों को बताने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया एवं बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों को अपनाकर गाड़ी चलाने को कहा।

# श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल में स्वास्थ्य एवं जांच शिविर 9 अगस्त को



रायपुर (दावा)। मरीजों को एक बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगातार न्यू राजेंद्र नगर स्थित श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल द्वारा दिनांक 9 अगस्त शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक हड्डी से जुड़ी समस्त समस्याऐं जैसे - लम्बे समय से न जुड़ने वाली फ्रेक्चर, हल्की चोट से फ्रेक्चर हड्डी में मवाद आना, गठियावात, हड्डी का भुरभुरापन, अर्थराईटिस, घुटने, कुल्हे में दर्द, चलने फिरने में दर्द, मांसपेशी में दर्द, कमर में दर्द, घुटने, कुल्हे, कंधे का जोड़प्रत्यारोपण एवं स्पोर्ट मेडिसीन, सभी प्रकार के जोड़ो का दर्द के लिए अनुभवी एवं प्रख्यात ऑर्थोपेडिक एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन, डॉ सुशील शर्मा एवं ऑर्थोपेडिक एवं स्पोर्ट मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ. प्रयंक हिशीकर से परामर्श ले सकते है। तथा मरीजो को ओपीडी में 50 प्रतिशत की छूट, जांच में 15 प्रतिशत एवं दवाइयां में 5 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। उक्त शिविर में बी एम डी जांच जो कि हड्डीयों में कैल्शियम, मिनरल और मजबूती को मापने के लिये किया जाता है, और इसे जांच करवाने में 1500 रू. लगता है, इस शिविर में निःशुल्क किया जायेगा साथ ही यूरिक एसिड, ब्लड प्रेशर, न्यूरोपैथिक एवं शुगर एवं वजन जांच निःशुल्क की जाएगी।

# सीआरसी में बच्चों के निदान और प्रबंधन में क्रॉस डिसेबिलिटी प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र की भूमिका विषय पर हुआ सीआरई कार्यक्रम



राजनांदगांव (दावा)। एनआईईपीआईडी सिकंदराबाद सामाजिक न्याय एवं अधिकरिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भारत सरकार के अन्तर्गत संचालित सीआरसी राजनांदगांव छत्तीसगढ़ में बच्चों के निदान और प्रबंधन में क्रॉस डिसेबिलिटी प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र की भूमिका विषय पर 06 अगस्त 2024 को सुबह 10 बजे से 03 बजे तक सीआरईकार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें सभी अलग अलग राज्य से 47 प्रतिभागी भाग लिये। इस कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमति स्मिता महोबिया निदेशक सीआरसी के द्वारा किया गया एवं सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया एवं सभी प्रतिभागी को अपने कार्य क्षेत्र में देर से विकास होने वाले 0-06 वर्ष तक के बच्चों का शीघ्र पहचान कर शीघ्र हस्तक्षेप करने से कैसे सहायता कर सकते हैं इसकी जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को भारतीय पुनर्वास परिषद् नयी दिल्ली के नियमानुसार ऑनलाइन वेबेक्स मीटिंग के माध्यम से सीआरसी राजनांदगाँव से श्रीमति स्वेता श्रोति व्यावसायिक चिकित्सक, क्रॉस डिसेबिलिटी प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र में अवलोकन और विलंबित मोटर विकास का निदान और प्रबंधन की जानकारी दी गयी, प्रशांत मेश्राम सहायक प्राध्यापक मनोविज्ञान के द्वारा बौद्धिक दिव्याँगता एवं ए एस डी का निदान और प्रबंधन पर चर्चा किए, कुमारी निधि राजन विशेष शिक्षक के द्वारा विशेष शिक्षक की भूमिका एवं महत्व के बारे में जानकारी दी गई एवं श्रीमति भावना पाली वाक् एवं श्रवण चिकित्सक के द्वारा वाणी दोष और श्रवण अक्षमता वाले बच्चों का निदान कैसे किया जाता हैं। यह सीआरई कार्यक्रम भारतीय पुनर्वास परिषद नयी दिल्ली के नियमानुसार ऑनलाइन चार क्लास हुआ एवं सभी क्लास के बाद आरसीआई नई दिल्ली के द्वारा आरसीआई गाईड लाइन के अनुसार परीक्षा लिया गया। इस सीआरई कार्यक्रम का समापन गजेन्द्र कुमार साहू (वाक् एवं श्रवण चिकित्सक) कार्यक्रम के समन्वयक के द्वारा किया गया।

**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री के कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए मेरिट सूची जारी**

राजनांदगांव (दावा)। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव के कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए मेरिट सूची जारी कर दी गई है। कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए जारी मेरिट सूची अनुसार विद्यार्थियों का काउसिंलिंग 5 से 8 अगस्त 2024 तक किया जाएगा।

## अनमोल दावा

> हम जो भी कर्म करते हैं उसका फल हमने ही भोगना पड़ता है। इसलिए कर्म करने से पहले विचार कर लेना चाहिए।

# उपराज्यपाल के अधिकारों पर रार, एमसीडी में सरकार के लिए चुनौती बनेंगे एल्डरमैन

पिछले एमसीडी चुनाव में आम आदमी पार्टी ने ढाई सौ में से एक सौ चौंतीस सीटें जीती थी। भाजपा को एक सौ चार सीटों पर कामयाबी मिली थी। तब उपराज्यपाल ने दस सदस्यों को नामित कर उन्हें महापौर और उपमहापौर के चुनाव में मतदान करने की इजाजत दे दी थी।

दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच तकरार पुरानी है। दोनों के बीच जब-तब नए विवाद उठ खड़े होते हैं। पिछले वर्ष दिल्ली नगर निगम यानी एमसीडी के चुनाव में च्एल्डरमैनज् यानी विशेषज्ञ सदस्यों को नामित करने के मुद्दे पर खड़ा हुआ विवाद इसी की एक कड़ी था। उपराज्यपाल ने दस सदस्य नामित किए थे, जिन्हें लेकर आम आदमी पार्टी ने एतराज जताया कि ये सभी सदस्य भाजपा से संबद्ध हैं और एमसीडी के जोनों में मतदान कर चुनी हुई एमसीडी का गणित खराब कर सकते हैं।

मामला सर्वोच्च न्यायालय में पहुंचा था। चुनौती दी गई कि उपराज्यपाल बिना दिल्ली सरकार के मंत्रिमंडल से सलाह लिए सदस्यों को नामित नहीं कर सकते। तब अदालत ने नामित सदस्यों को मतदान करने से रोक दिया था, पर यह आशंका जताई थी कि उपराज्यपाल द्वारा नामित सदस्य निर्वाचित एमसीडी को अस्थिर कर सकते हैं। तब लगा था कि फैसला दिल्ली सरकार के पक्ष में आएगा। मगर अब सर्वोच्च न्यायालय ने साफ कर दिया है कि उपराज्यपाल बिना मंत्रिमंडल की सलाह के, सदस्यों को नामित कर सकते हैं। यह मामला कार्यकारी फैसलों की प्रकृति का नहीं है।

पिछले एमसीडी चुनाव में आम आदमी पार्टी ने ढाई सौ में से एक सौ चौंतीस सीटें जीती थी। भाजपा को एक सौ चार सीटों पर कामयाबी मिली थी। तब उपराज्यपाल ने दस सदस्यों को नामित कर उन्हें महापौर और उपमहापौर के चुनाव में मतदान करने की इजाजत दे दी थी। इस तरह गड़बड़ी करके भाजपा के अपना महापौर बनाने की कोशिश की आशंका जताई जाने लगी थी। ऐसा चंडीगढ़ नगर निगम में भाजपा पहले कर चुकी थी। फिर, नामित सदस्यों के मताधिकार और उपराज्यपाल द्वारा सदस्यों को नामित करने के अधिकार को लेकर सवाल उठने शुरू हो गए थे। नियम के मुताबिक नामित सदस्य एमसीडी जोनों के चेयरमैन के चुनाव में हिस्सा ले सकते हैं। इससे कुछ जोनों में आम आदमी पार्टी का गणित गड़बड़ हो रहा था। अब सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद आम आदमी पार्टी उपराज्यपाल के अधिकारों को चुनौती नहीं दे सकती। हालांकि चुनावी गणित और अधिकारों की जंग में यह सवाल अपनी जगह है कि आखिर सदस्यों को नामित करने की प्रक्रिया में लोकतांत्रिक मूल्यों का कितना ध्यान रखा जाता है। एमसीडी में दस सदस्यों को नामित करने का प्रावधान इस मकसद से किया गया था कि इस तरह कुछ विशेषज्ञों को निगम में रखा जा सकेगा, ताकि उनके अनुभवों का लाभ मिल सके। मगर जिस तरह पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं को उपकृत करने की मंशा से नामित किया जाने लगा है, उससे वह तकाजा पूरा नहीं हो पाता।

दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच अधिकारों की तरकार में दिल्ली के विकास कार्यों की गति काफी प्रभावित हुई है। हर मामूली बात पर दोनों के बीच जंग छिड़ जाती है और मामला अदालत में पहुंच जाता है। कई बार उपराज्यपाल दिल्ली मंत्रिमंडल के फैसलों या मंत्रियों की सिफारिशों को रद्द कर या टाल देते हैं। इस तरह बहुत सारे काम रुक जाते हैं। जबसे केंद्र सरकार ने दिल्ली की निर्वाचित सरकार के बजाय उप राज्यपाल के अधिकारों को ऊपर रखने का कानून बना दिया है, तबसे यह स्पष्ट हो चुका है कि केंद्र सरकार खुद दिल्ली के सरकारी कामकाज में हस्तक्षेप करती है। अब आम लोग इस तनातनी से ऊब चुके हैं और उन्हें बुनियादी समस्याओं के निपटारे की आस है।

# क्या भारत बांग्लादेश को संकट से निपटने में मदद कर सकता है?

**सौतिक बिस्वास**



> भारत का बांग्लादेश के साथ हमेशा से एक ख़ास नाता रहा है. दोनों पड़ोसी मुल्कों के बीच 4 हज़ार 96 किलोमीटर लंबी सीमा है. लेकिन दोनों के भाषाई, आर्थिक और सांस्कृतिक हित भी एक से हैं. कभी पूर्वी पाकिस्तान के नाम से जाना जाने वाला बांग्लादेश, साल 1971 में पाकिस्तान में हुई जंग के बाद एक अलग देश बना. इस जंग में बांग्लादेश को भारत का साथ मिला था. दोनों देशों के बीच 16 अरब डॉलर यानी करीब 1342 अरब रुपये का कारोबार है. एशिया में भारत के सबसे अधिक आयात करने वालों में बांग्लादेश शीर्ष पर है.

बांग्लादेश की सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहीं शेख़ हसीना के नाटकीय ढंग से इस्तीफ़ा देने के बाद सीधे भारत आने से दोनों मुल्कों के संबंधों की गहराई भी सामने आई है.

शेख़ हसीना ने 17 करोड़ की आबादी वाले बांग्लादेश में क़रीब 15 साल तक सरकार चलाई है. हालांकि, सरकारी नौकरी में आरक्षण हटाने की मांग को लेकर विरोध कर रहे छात्रों का आंदोलन व्यापक और हिंसा में तब्दील होने के बाद शेख़ हसीना को पद और देश दोनों छोड़ने पड़े हैं. अभी तक पुलिस और सरकार-विरोधी प्रदर्शनकारियों में हुई झड़प में कम से कम 280 लोगों की जान जा चुकी है. इसी साल जून महीने में शेख़ हसीना दो सप्ताह के भीतर दो बार भारत दौरे पर आई थीं. पहले वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथग्रहण समारोह में हिस्सा लेने आई थीं. इसके बाद शेख़ हसीना दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर भारत आईं. पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल के शुरू होने के बाद शेख़ हसीना भारत का दौरा करने वाली पहली विदेशी नेता थीं. इस दौरे के बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ़्रेंस में पीएम मोदी ने कहा था, बीते एक साल में हम 10 बार मिले हैं. हालांकि, ये मुलाक़ात ख़ास है क्योंकि हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में शेख़ हसीना पहली मेहमान हैं. इसी मैत्रीपूर्ण लहजे में शेख़ हसीना ने कहा, भारत के साथ संबंध बांग्लादेश के लिए बेहद अहमियत रखते हैं. हमने क्या किया है और आगे क्या योजनाएं हैं ये देखने के लिए बांग्लादेश आइए. भारत का बांग्लादेश के साथ हमेशा से एक ख़ास नाता रहा है. दोनों पड़ोसी मुल्कों के बीच 4 हज़ार 96 किलोमीटर लंबी सीमा है. लेकिन दोनों के भाषाई, आर्थिक और सांस्कृतिक हित भी एक से हैं. कभी पूर्वी पाकिस्तान के नाम से जाना जाने वाला बांग्लादेश, साल 1971 में पाकिस्तान में हुई जंग के बाद एक अलग देश बना. इस जंग में बांग्लादेश को भारत का साथ मिला था. दोनों देशों के बीच 16 अरब डॉलर यानी करीब 1342 अरब रुपये का कारोबार है. एशिया में भारत के सबसे अधिक आयात करने वालों में बांग्लादेश शीर्ष पर है.

हालांकि, इन सबके बावजूद दोनों देशों के रिश्ते परफ़ेक्ट नहीं कहे जा सकते. चीन के साथ बांग्लादेश की क़रीबी ने कई बार उसके और भारत के बीच मतभेद पैदा किए हैं. इसके अलावा सीमा सुरक्षा, पलायन जैसे मुद्दों पर अलग-अलग रुख़ और कुछ बांग्लादेशी अधिकारियों की मोदी सरकार की हिंदू राष्ट्रवादी राजनीति को लेकर असहजता भी समय-समय पर सामने आती रही है.

शेख़ हसीना के इस्तीफ़े के बाद बांग्लादेश आर्मी चीफ़ वक़ार-उज़-ज़मां ने देश में अंतरिम सरकार के गठन की बात कही. वह इसको लेकर राष्ट्रपति मोहम्मद शाहबुद्दीन से मिलेंगे. कई मीडिया रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अगुवाई में विपक्षी दलों से वार्ता के बाद आज इस पर अंतिम फ़ैसला ले लिया जाएगा. हालांकि, अंतरिम सरकार का चेहरा कौन होगा, इस पर अभी भी कोई स्पष्टता नहीं है.

अभी तक भारत ने हिंसक प्रदर्शनों को बांग्लादेश का घरेलू मामला बताया है. लेकिन क्या भारत तेज़ी से बदलते घटनाक्रम के बीच कोई और बयान देगा या कोई क़दम उठाएगा? भारतीय विदेश नीति के जानकार हैपीमॉन जैकब ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर इस बारे में लिखा, कुछ भी नहीं. फ़िलहाल तो नहीं. अभी भी परतें खुल रही हैं और ये भारत के बारे में नहीं है, ये तो बांग्लादेश की राजनीति के बारे में है. इसलिए उन्हें ही इस मसले को सुलझाने दें.अमेरिकी थिंक-टैंक विल्सन सेंटर के माइकल कुगलमैन का मानना है कि हसीना का इस्तीफ़ा देना और देश छोड़ना भारत के लिए बहुत बड़े झटके जैसा है क्योंकि वह (भारत) लंबे समय से शेख़ हसीना या उनकी पार्टी के किसी भी विकल्प को भारतीय हितों के लिए ख़तरे के तौर पर देखता आया है. कुगलमैन ने बीबीसी से कहा कि भारत जल्द ही बांग्लादेश की सेना से संपर्क कर के उसे अपनी चिंताओं से अवगत करा सकता है. भारत को ये भी उम्मीद रहेगी कि अंतरिम सरकार के गठन में उसके हितों को भी ध्यान में रखा जाए. वह कहते हैं, इसके अलावा भारत को बस अब इंतज़ार करना होगा और आगे की स्थिति पर नज़र रखनी होगी. हो सकता है कि वह स्थिरता के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावों को समर्थन दे लेकिन वह किसी भी सूरत में बीएनपी की सत्ता में वापसी नहीं चाहेगा. फिर वह पहले से कमज़ोर और बंटे हुए दल के तौर पर ही वापसी क्यों न करे. ये ऐसी वजह है, जिसके लिए भारत पड़ोसी देश में लंबे समय तक अंतरिम सरकार चलने का भी विरोध नहीं करेगा. शेख़ हसीना के अचानक हुए इस पतन ने उनके सहयोगियों को भी मुश्किल स्थिति में डाल दिया है. बांग्लादेश के संस्थापक की बेटी शेख़ हसीना दुनिया में किसी भी देश के सर्वोच्च नेता के पद पर सबसे लंबे समय तक रहने वाली महिला भी हैं. शेख़ हसीना क़रीब 15 सालों तक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रही हैं.

इस दौरान बांग्लादेश दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में रहा है और अन्य दक्षिण एशियाई देशों की तुलना में यहां लोगों का जीवनस्तर भी काफ़ी बेहतर हुआ है. लेकिन उनके शासन पर विपक्षियों के दमन, विरोधी आवाज़ों के लापता होने, ग़ैर-न्यायिक हत्याओं जैसे आरोप भी झेलने पड़े हैं. शेख़ हसीना और उनकी पार्टी आवामी लीग ने इन आरोपों को ख़ारिज किया है. उनकी सरकार ने विपक्षी दलों पर विरोध प्रदर्शनों को बल देने का आरोप लगाया है.

इसी साल जनवरी में शेख़ हसीना लगातार चौथी बार चुनाव जीतीं. हालांकि, ये बांग्लादेश का विवादित आम चुनाव था. विपक्षी दल बीएनपी ने इसका बहिष्कार किया था और चुनाव में धांधली, बड़े पैमाने पर विपक्षियों की गिरफ़्तारी जैसे आरोप भी लगे थे. बांग्लादेश में भारत विरोधी भावनाओं की जड़ें कुछ हद तक शेख़ हसीना सरकार को भारत के समर्थन की वजह से भी है. आलोचकों की नज़र में ये भारत का बांग्लादेश की घरेलू राजनीति में दख़लअंदाज़ी करने जैसा है. इलिनॉई स्टेट यूनिवर्सिटी में बांग्लादेशी-अमेरिकी पॉलिटिकल साइंटिस्ट अली रियाज़ ने बीबीसी को बताया कि इस पूरे मामले पर भारत की चुप्पी हैरान करने वाली नहीं है क्योंकि पिछले 14 साल से वह शेख़ हसीना सरकार को समर्थन देने वाला सबसे बड़ा देश था और असल में उसने बांग्लादेश से लोकतंत्र को कमज़ोर करने में योगदान दिया है.

वह कहते हैं, शेख़ हसीना सरकार को मिले इस आपार समर्थन की वजह से ही वह मानवाधिकार हनन के आरोपों के बावजूद दबाव में नहीं आईं. इसके एवज़ में भारत को आर्थिक मोर्चे पर फ़ायदा हुआ और उसकी नज़र में बांग्लादेश में अपना प्रभाव बनाए रखने के लिए शेख़ हसीना की सरकार ही एकमात्र ज़रिया थी. बांग्लादेश का मौजूदा विपक्षी दल और उसके सहयोगियों को भारत ख़तरनाक इस्लामी ताक़तों के तौर पर देखता है. शेख़ हसीना सरकार ने अपनी ज़मीन पर भारत-विरोधी चरमपंथियों पर कार्रवाई की और बांग्लादेश से सीमा साझा करने वाले भारत के पाँच राज्यों के ज़रिए सुरक्षित व्यापार मार्ग को भी मंज़ूरी दी. भारत के पूर्व विदेश सचिव और बांग्लादेश में उच्चायुक्त रह चुके हर्षवर्द्धन श्रृंगला ने शेख़ हसीना के इस्तीफ़े से चंद घंटों पहले ही बीबीसी से कहा था, एक शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध बांग्लादेश भारत के हित में है. इस स्थिति को बनाए रखने के लिए भारत को हर संभव प्रयास करना चाहिए. फ़िलहाल स्थिति अनिश्चितताओं से घिरी है. एक वरिष्ठ राजनयिक ने बीबीसी से कहा, इस वक़्त भारत के पास बहुत ज़्यादा विकल्प नहीं हैं. हमें अपनी सीमाओं पर कड़ा नियंत्रण करना होगा. इसके अलावा कुछ भी दख़लअंदाज़ी करना माना जाएगा.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 225 : श्री राम ने कहा, राष्ट्र का वन क्षेत्र अयोध्या साम्राज्य से कहीं अधिक विस्तृत

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



श्री राम के विराजमान होने के लिए अभिषेक पीठ के साथ-साथ विशेष पालकी, सफेद चंवर व छत्र, विशेष रथ, गौ, श्वेत वृषभ, गजराज, श्रेष्ठ अश्व आदि तैयार है। श्रेष्ठ आचार्य ब्राह्मण वैदिक मंत्रोच्चार के लिए तत्पर हैं।

''अरे! शिष्य सत्यव्रत अभी तक नहीं आया? उसे तो मैंने पूर्व अनुमान के आधार पर दो दिनों पूर्व ही महासमुद्र का जल लाने के लिए रवाना कर दिया था।'' गुरु वशिष्ठ ध्यान से बाहर आए।

उन्होंने अपने आप से कहा, ''अभिषेक की सामग्रियों में समुद्र के जल का भी अत्यंत महत्व है। अब इसके बिना अभिषेक कैसे होगा? अभिषेक का मुहूर्त भी निकट आ रहा है। मैं शुभ लक्षण नहीं देख रहा हूं। अगर युवराज राम का समुद्र के जल से अभिषेक नहीं होगा तो उन्हें स्वयं समुद्र के पास जाना होगा। मगर ऐसा कैसे संभव है?'' गुरु वशिष्ठ चिंतित मुद्रा में विचारमग्न हो गए।

गुरु वशिष्ठ त्रेता युग के सर्वाधिक सम्मानित आचार्यों में से एक। श्री राम समेत चारों राजकुमारों के गुरु। स्वयं राजा दशरथ उनसे समय-समय पर मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं और जनकल्याणकारी शासन के लिए उचित निर्णय लेते हैं।आज गुरु वशिष्ठ स्वयं स्तब्ध हैं। राजा दशरथ अभी तक अभिषेक कार्यक्रम के लिए अंतःपुर से बाहर नहीं आए हैं।

उधर श्री राम ने अपने पिता महाराज दशरथ को रानी कैकेई के भवन में समझाते हुए कहा, ''पिता महाराज, क्या आप केवल इसलिए माता को वे दो वचन नहीं देना चाहते हैं कि इससे मुझे कष्ट होगा और अयोध्या का भावी राजपद भरत को मिल जाएगा। मुझे वनवास में अत्यंत प्रसन्नता होगी। मैं पहले भी गुरु विश्वामित्र के साथ सिद्धाश्रम और अन्य वन क्षेत्रों में निवास का अनुभव प्राप्त कर चुका हूं।''

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।

लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)


## शब्द सामर्थ्य -141

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सुनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गीरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 140 का हल







## सामयिक चर्चा

### भौतिकता का लालच

बानी बोले- ''गजाधर!
पिछले दिनों हमने
बिलासपुर और कवर्धा जिले में
एसीबी ने डीईओ के ठिकानों पर
छापेमारी के ऐसे समाचार पढ़े
कि छापे में कई चल-अचल सम्पत्ति,
कैश और गहने मिले।
इसी तरह गजाधर!
हमने आज पढ़ी ये खबर
कि एसीबी ने एसडीओ
जनपद पंचायत छुईखदान
सौरभ ताम्रकार को
तीस हजार का रिश्वत लेते
रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।
इन खबरों ने हमें
बड़ी गंभीरता से सोचने को
मजबूर कर दिया है,
कि अधिकारी, कर्मचारी आखिर
लेता क्यों है रिश्वत,
क्यों करता है- भ्रष्ट आचार ?
क्या आप बता सकते है यार?
उनके मन का सच ?''
गजाधर मुस्कराए, बोले- 'हॉं बानी!
और वह है - भौतिकता का लालच!''



गिरीश बख्शी

## कविता

### //याद पिता की//

होती थी मेरी,
दिन की शुरुआत,
पापा आपसे।।
एक आवाज,
कानों में पड़ते ही,
देती दस्तक।।
नयन नीर,
लुढ़कते रहते,
देखूँ तस्वीर।।
रहते साथ,
जीवन हर क्षण,
पकड़े हाथ।।
मन बेचैन,
कविता पढ़ते ही,
भीगते दोनों नैन।।
सपने पूरे,
पूर्ण करूँगी पिता,
छोड़े अधूरे।।
आपकी बातें,
गूँजती चहुँओर,
गुजरी रातें।।
यादें संजोती,
मन को बहलाती,
छुप-छुप के रोती।।
आशीष सदा,
मिले मुझे आपसे
आते हैं याद।।



प्रिया देवांगन ''प्रियू''
राजिम जिला - गरियाबंद, छत्तीसगढ़

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन शानदार रहेगा। व्यापार में साझेदारी से लाभ हो सकता है। माता-पिता के साथ रिश्ते मधुर होंगे। पारिवारिक रिश्तों में भी मधुरता बरकरार रहेगी। आपको जीवनसाथी से पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। संतान पक्ष से कोई खुशखबरी आपको मिल सकता है।

**वृषभ** — आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा। आपका आर्थिक पक्ष काफी मजबूत रहेगा। पर्यटन से जुड़े लोगों को धन लाभ होगा। आप खुद को उर्जावान महसूस करेंगे। परिवार में सदस्यों के साथ रिश्ते में सुधार होगा। आप खुद को किसी रचनात्मक काम में लगायेंगे।

**मिथुन** — आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आप अपने काम में किसी मित्र का सहयोग ले सकते हैं। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के नए आसार खुल सकते हैं। आज किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा।

**कर्क** — आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आपके सारे जरूरी कामकाज पूरे हो जायेंगे। पैसों के मामले में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। आपका खर्च बढ़ सकता है। किसी को उधार पैसा देने में सोच-विचार करना बेहतर रहेगा। आपको धोखा देने की कोशिश कर सकता है।

**सिंह** — आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप अपने जीवन में कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान आज निकल सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। उधार दिया हुआ पैसा अचानक वापस मिलेगा। परिवार में धार्मिक कार्य की योजना बन सकती है।

**कन्या** — आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। करियर को बढ़ाने के लिए आज आपको नये अवसर मिलेंगे। जीवनसाथी के साथ डिनर करने जा सकते है। साथ ही रिश्तों में पॉजिटिविटी भी आयेगी। कामकाज में सफलता मिलेगी। दोस्तों से फायदा मिलने की उम्मीद है। आज आपका उत्साह बढ़ा हुआ रहेगा।

**तुला** — आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपका ध्यान अपने कार्य को पूरा करने में लगा रहेगा। ऑफिस में किसी काम को लेकर थोड़ा विचार-विमर्श करना पड़ सकता है। इस राशि के छात्रों का दोस्तों के साथ मेल-जोल बढ़ सकता है। आपके पास कुछ नयी जिम्मेदारियां आ सकती है, जिन्हें आप सफलतापूर्वक निभाएंगे।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज जो भी काम आप शुरू करेंगे उसे समय से पूरा कर लेंगे। आपकी कल्पना शक्ति आपके लक्ष्य प्राप्ति में सहायता कर सकती है। लेन-देन के लिए आज का दिन अच्छा है। जीवनसाथी की उपलब्धियों की सराहना करने से आपके दांपत्य जीवन में मधुरता आयेगी।

**धनु** — आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। इस राशि के लोगों को कारोबार बढ़ाने के लिए किसी दूसरे व्यक्ति से बेहतर सुझाव मिलेगा। पैसों के संबंध में अच्छी खबर मिलेगी कामकाज से भी जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आपके सोचे हुए सारे काम आज पूरे होंगे। साथ काम करने वाले मददगार रहेंगे।

**मकर** — आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आप परिवार वालों के साथ किसी ट्रिप का प्लान बना सकते हैं। आज आप अपने जीवनसाथी के साथ समय बिता सकते है, इससे आपके रिश्ते और बेहतर होंगे। दोस्तों के साथ मूवी देखने का प्लानिंग आज बन सकता हैं।

**कुंभ** — आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। किस्मत का पूरा-पूरा सहयोग आज आपको मिलेगा। कारोबारियों को लाभ होगा। छात्रों के लिए आज का दिन बढ़िया है। करियर में कोई बड़ी सफलता हासिल होगी। अगर आप किसी जरूरी काम को पूरा करने की सोच रहे हैं, तो वह आज पूरा हो जाएगा।

**मीन** — आज आपका दिन ठीक रहेगा। आपके मन में किसी बात को लेकर उत्साह रह सकता है। कार्यक्षेत्र में अचानक काम का दबाव बढ़ सकता है। काम पूरा करने के लिए शायद आपको पर्याप्त समय न मिल पाये। परेशान होने के बजाय धैर्य बनाये रखना चाहिए। वहीं किसी कार्य में कुछ लोग आपकी मदद करेंगे।

# सीएमओ द्वारा लिए जा रहे प्रशासनिक निर्णय के विरुद्ध कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

**डोंगरगढ़(दावा)। नगर पालिका में कांग्रेस की सत्ता होने के बाद भी नगर पालिका अधिकारी द्वारा लिए जा रहे निर्णय से असंतुष्ट स्थानीय विधायक सहित कांग्रेस जनों ने मंगलवार को पीड़ित परिवारों के साथ सीएमओ चंद्रकांत शर्मा के विरुद्ध जबरदस्त प्रदर्शन किया। विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने पालिका के सामने जमीन में बैठकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पीड़ित परिवार के साथ सीएमओ चंद्रकांत शर्मा के विरुद्ध में जम कर नारेबाजी की। मौके पर उपस्थित भारी पुलिस बल के बीच प्रदर्शन कारियो से संवाद करने पहुंचे सीएमओ पर पीड़ित परिवार के सदस्यों व कांग्रेस जनों ने जमकर आक्रोश जताया।**





विभिन्न मुद्दों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर कांग्रेस के कार्यकर्ता व पीड़ित परिवार के सदस्य गन विधायक श्रीमती बघेल के नेतृत्व में मंगलवार को प्रदर्शन करने पालिका पहुंचे थे। अनशनकारियों ने बताया कि विगत दिनों प्रशासन द्वारा अनेक दुकानें अतिक्रमण के नाम से तुड़वा दी गई थी। जिससे अनेक परिवारो पर आर्थिक संकट आ खड़ा हुआ है। अनेक नौजवान बेरोजगार हो गए हैं। दूकान टूटने से हुए बेरोजगार दुकानदारो व नगरपालिका से निकाले गए महिला कमांडो के महिलाएं और कांग्रेसियों के द्वारा मंगलवार को 13 सूत्रीय मांगों को लेकर नगरपालिका परिषद डोंगरगढ़ में दोपहर 1 बजे शाम 6 बजे तक विरोध प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शनकारी महिला कमांडो द्वारा दुपट्टा से फांसी लगाने का प्रयास किया गया

पालिका सीएमओ के विरुद्ध किए जा रहे प्रदर्शन के दौरान नगर पालिका महिला कमांडो से निकाली गई हताश महिला द्वारा गमछा के माध्यम से आत्महत्या करने का प्रयास किया गया। दोपहर से शाम होने तक कोई हल नहीं निकलता देख प्रदर्शनकारी तबला, मंजीरा के साथ भजन भी करने लगे। मुख्य नगरपालिका आधिकारी और प्रदर्शनकारियों के बीच बातचीत भी हुई परंतु कोई संतुष्टि जनक आश्वासन प्रशासन की ओर से प्रदर्शनकारियों को नहीं मिला। जिसके बाद पुलिस प्रशासन द्वारा सभी प्रदर्शनकारियों को बस में डालकर डोंगरगढ़ के रेस्ट हाउस लाया गया। जिसके बाद सभी प्रदर्शनकारियों का छोड़ा गया। प्रदर्शनकारियों द्वारा बताया गया की जब तक हमारी मांगे पूर्ण नहीं हो जाती हम तब तक हम अपने मांगों को लेकर आगे भी प्रदर्शन करते रहेंगे।

**○ पालिका कार्यालय के समक्ष विधायक श्रीमती बघेल ने नीचे बैठकर पालिका प्रशासन के विरोध में कार्यकर्ताओं के साथ नारेबाजी की**
**○ उग्र कांग्रेसजनों को अंततः पुलिस ने गिरफ्तार कर रिहा किया**

### 13 सूत्रीय मांगों को लेकर उग्र प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा - विधायक श्रीमती बघेल

स्थानीय विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने पुलिस द्वारा रिहा करने के बाद कहा है कि 13 सूत्रीय मांगों को लेकर आगे भी कांग्रेस का प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रशासन को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि,वर्तमान मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने जब से नगरपालिका का कार्यभार ग्रहण किया है, लगातार विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उनके द्वारा तानाशाही से नगरपालिका चलाया जा रहा है। और जनहित के कार्यों पर अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है। अतिक्रमण हटाने के नाम पर छोटे दुकानदारो पर कार्यवाही कर उनके दुकानों को तोड़ दिया गया। सिर्फ कुछ चिन्हांकित दुकानों पर कार्यवाही की गई और उनके व्यवस्थापन की कोई व्यवस्था नहीं की गई। बिना कारण बताये और बिना नोटिस दिये 4 महिला कमांडो को कार्यमुक्त कर दिया गया।बिना किसी त्रुटि गलती के दो अनियमित महिला कर्मचारी को कार्यमुक्त कर दिया गया।विभिन्न ठेकेदारो का कई वर्षों से भुगतान लंबित है। नगरपालिका के नियमित एवं अनियमित कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं दिया जाता। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुख्यालय (डोंगरगढ़) में नहीं रहते। कार्यालय में उनकी उपस्थितिः नगण्य एवं क्षणिक होती है। नगरपालिका कर्मचारियों पर अनैतिक दबाव बनातें है।नगर विकास एवं जनहित के कार्यों की स्वीकृति प्रदान नहीं करते। तथा विलंब करते है। बाहरी व्यक्तियों को नगरपालिका में कार्य दिया गया है। अलग-अलग व्यक्तियों के साथ एवं कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार किया गया है। नगर पालिका के सेवानिवृत्ति कर्मचारियों का सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली राशि जो उनको जीवन का आधार है के भुगतान को भी पूर्ण न कर लंबित कर दिया जाता है। पिछले लगभग 18-19 माह से नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों का पी.एफ. वेतन से काटा जरूर गया है। परंतु आज दिनांक तक उनके पी.एफ. खाते में जमा नहीं हुआ है।उक्त सभी आरोप सत्य तथ्यों के आधार पर लगाया गया है।और जब तक उक्त समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी पर सक्त कार्यवाही नही की जाती है तो हमारा धरना अनिश्चित काल के लिये जारी रहेगा।तत्काल निराकरण करने पर ही धरना समाप्त की जायेगी।

# मुख्यमंत्री से मुलाकात कर समस्याओं को गिनाया कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता



डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ पशुधन विकास विभाग में कार्य आधारित मानदेय पर कार्य करने वाले छ.ग. प्रशिक्षित गौ सेवक कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता और मैत्री संघ ने छग गौसेवा आयोग के संरक्षक संत श्रीबालकदास महाराज के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात कर मांग पत्र और पुष्प भेंट किया. जिला रायपुर से चंद्रशेखर सिंह राजपूत और जिला मुंगेली से पुष्पकांत शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि आज पशुधन विकास विभाग का कार्य करते हुए 25 वर्ष हो गए हैं, पर हमारी समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है. हम लोग विभाग के सभी कार्य करते आ रहे हैं, जिनका मानदेय मिलने में ही कई साल लग जाता है. जिससे परिवार का पालन पोषण में दिक्कत आ रहा है. आज कई साथी लंबे समय सेवा देने के बाद निराश होकर अन्यत्र कार्य करने को मजबूर हो रहे हैं. संघ ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि हमारी कार्य आधारित से मिलने वाली राशि को तत्काल बंद कर एक सम्मानजनक निशिचित मासिक मानदेय प्रदान करने की मांग रखी. 2005 में तत्कालीन पशुपाल मंत्री ननकीराम कंवर के द्वारा 1250 रुपए राशि की मासिक मानदेय की घोषणा की गई थी, जो अमल नहीं हुआ. मुख्यमंत्री प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को सुनकर समाधान करने आश्वास्त किया. इस दौरान राजनांदगांव जिला से धर्मेश साहू, डोगेंद्र जंघेल महासमुंद से रामकृष्ण सिन्हा, डोमन यादव, पुण्यकेतन साय, भागीरथी, राजू राम, झम्मन साहू, भरत यादव, धनुजय आदि उपस्थित रहे.

# वीरांगना रानी अवन्ति बाई शासकीय महाविद्यालय में दिक्षारंभ समारोह आयोजित



खैरागढ़ (दावा)। केसीजी जिले के शहीद नगरी छुईखदान के वीरांगना रानी अवन्ति बाई शासकीय महाविद्यालय मे आज छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर दीक्षारंभ समारोह का आयोजन खैरागढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक कोमल जंघेल के मुख्य अथित्य एवं नगर पंचायत छुईखदान के पूर्व अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास वैष्णव के अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप मे प्रेम नारायण चंद्राकर जिला उपाध्यक्ष, महामंत्री पूरन जंघेल, राज लक्ष्मी पंसारी प्रदेश महिला मोर्चा, अध्यक्ष नेतराम जंघेल, अरविन्द शर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष, नवनीत जैन जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, जयनेन्द्र जंघेल मंत्री, उमाकांत महोबिया उपाध्यक्ष नगर पंचायत, भावेश कोचर महामंत्री, विक्रांत चंद्राकर युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकरणी, महेश नरकार पार्षद, अर्जुन महोबिया सहित सभी प्राध्यापक, सभी छात्र-छात्राएं शामिल हुए, कार्यक्रम मे सर्वप्रथम सरस्वती माँ की और वीरांगना रानी अवन्ति बाई पूजा अर्चना कर कार्यक्रम शुभारम्भ हुआ। अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय परिवार द्वारा किया गया, महाविद्यालय का प्रतिवेदन कालेज के प्राचार्य विश्वास मैडम ने प्रस्तुत किया, अतिथियों के द्वारा सभी नव प्रवेसी छात्र-छात्राओं का तिलक लगा कर कालेज के प्रथम वर्ष मे प्रवेश कराया।

अंत मे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोमल जंघेल पूर्व विधायक ने अपने सम्बोधन मे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध मे विस्तार से बताते हुए कहा की राष्ट्रीय शिक्षा नीति मे सामर्थ्य, गुणवत्ता और पहुंच की प्रमुख विशेषताओं के साथ यह शिक्षा नीति लागू की गई है, नई शिक्षा नीति के प्रमुख सिद्धांत के रूप मे प्रत्येक बच्चो के क्षमता की पहचान व विकास करना, शिक्षा को लचिला बनाना, बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ना, उत्कृष्ट स्तर पर शोध करना, बच्चों को सुशासन सिखाना और सशक्त बनाना जैसे अनेको बाते नई शिक्षा निति मे शामिल किया गया। कोमल जंघेल ने विश्वास दिलाया की केंद्र मे नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री है, जो हर क्षेत्र मे सोच समझ कर निर्णय लेते जिसका परिणाम ये 10 वर्ष के उनके कार्य ऐतिहासिक है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के रहते चिंता नहीं करना है, जो काम कालेज का मांग है सभी पूरा होगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास वैष्णव ने कहा की इस महाविद्यालय से इस क्षेत्र के अनेक छात्र-छात्रायें इस कालेज से निकल कर आज कोई डाक्टर बना हैं अनेको अधिकारी बनकर कालेज का नाम रोशन किये है। आप सभी अच्छा मेहनत करे आगे बढ़े मेरी शुभकामनायें है। इसी प्रकार नवनीत जैन, अरविद शर्मा ने भी सम्बोधित करते हुए विधार्थियो को शुभकामनायें देते हुए। उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और किसी भी प्रकार का कठिनाई हो तो हम सबसे सम्पर्क करने की अपील किया।

# फ्रेंडली क्लब गुण्डरदेही के युवाओं के द्वारा 'एक पेड़ माँ के नाम' वृक्षारोपण किया गया



हरदी (दावा)। एक पेड़ मां के नाम ग्राम खपरी (ब) गुण्डरदेही के इको फ्रेंडली क्लब के युवाओं ने छत्तीसगढ़ अंचल में धूमधाम से मनाये जाने वाले हरेली त्योहार के अवसर पर पौधे रोपे। सांसे हो रही कम, आओ पेड़ लगाए हम थीम पर ग्राम के विभिन्न स्थानों मे रोपे गए 51पौधे। ग्राम के इको फ्रेंडली क्लब के युवाओं द्वारा ग्राम के विभिन्न स्थानों में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। जिसमें सांसे हो रही कम आओ पेड़ लगाए हम थीम पर गाँव परिसर में 51 पौधे (छायादार तथा फलदार पेड़-पौधे) रोपे। सभी युवाओं ने एक पेड़ मां के नाम पर लगाने की अपील की।

पेड़ हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके बिना हमारा जीवन अधूरा सा लगता है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित करना है। पेड़ लगाना, जलवायु परिवर्तन की नियंत्रण करने, वायु की गुणवत्ता में सुधार करने और जैव विविधता को बढ़ाने में सहायता होती है। एक पेड़ मां के नाम अभियान न केवल पर्यावरणीय संरक्षण को प्रोत्साहित करता है बल्कि मातृप्रेम और पारिवारिक मूल्य को भी बढ़ावा देता है, हमें इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि हम अपनी मां और पृथ्वी दोनों को सम्मानित कर सके। वृक्षारोपण अभियान मे प्रमुख रूप से अजय कुमार, तेजनारायण, खेमलाल, लोकेन्द्र कुमार, हेमू, बबलू, निक्कू, तिलक, शामिल थे।

भविष्य हमारा खुशहाल बनेगा।
अगर आज हर एक पेड़ बचेगा।

# तहसीलदार ने निरस्त प्रमाणीकरण की ऋण पुस्तिका जारी की



**○ राजस्व विभाग से प्रताड़ित किए गए भू-स्वामी ने कलेक्टर से की शिकायत**
**○ मामला - तहसील न्यायालय डोंगरगढ़ का**

डोंगरगढ़(दावा)। जमीन की रजिस्ट्री के बाद प्रमाणीकरण के आवेदन को निरस्त करने वाले तत्कालीन तहसीलदार ने भू-स्वामी से पटवारी के माध्यम से सौदेबाजी कर बिना प्रमाणीकरण भू-स्वामी के नाम ऋण पुस्तिका जारी करने का मामला प्रकाश में आया है। आवेदक द्वारा पुनःप्रमाणी करण के लिए तहसीलदार के कहने पर हल्का पटवारी हुमने से संपर्क किया गया तो हुमने द्वारा प्रमाणीकरण के लिए?80 हजार रुपए की डिमांड की गई। जैसा कि आवेदक ने कलेक्टर से की गई शिकायत में कहा है। जिला कलेक्टर श्री अग्रवाल द्वारा उचित कार्रवाई का आश्वासन आवेदक को दिया गया है।

डोंगरगढ़ तहसील कार्यालय में पदस्थ तत्कालीन तहसीलदार राजू पटेल एवं हल्का पटवारी नीरज हूमने द्वारा जमीन की रजिस्ट्री के बाद प्रमाणीकरण के लिए लंबे समय से प्रताड़ित करने पर आवेदक द्वारा जिला कलेक्टर से मंगलवार को शिकायत की गई। जिला कलेक्टर को दिए गए शिकायती पत्र में शिक्षा विभाग में शिक्षक के पद पर पदस्थ राममोहन द्विवेदी ने बताया कि, श्रीमती नीलम दास वैष्णव द्वारा ग्राम पंचायत चौथना पटवारी हल्का न.26 में स्थित प्लाट जिसका खसरा क्रमांक 23/28 जिसको मेरी धर्मपत्नी अर्चना द्विवेदी के द्वारा क्रय किया गया था। जिसका प्रमाणीकरण तहसीलदार द्वारा किया जाना था। उक्त खसरा 23/28 का तहसीलदार के आदेश के बिना हल्का पटवारी नीरज हुमने द्वारा प्रमाणीकरण कर रिकार्ड दुरुस्त कर दिया गया एवं बी-1 व बी-2 में नाम दर्ज कर दिया गया। साथ ही तत्कालीन तहसीलदार राजू पटेल द्वारा हस्ताक्षर व सील लगी ऋण पुस्तिका भी जारी कर दी गई।

### बिना प्रमाणीकरण के ऑनलाइन इंट्री दर्शाई गई पटवारी द्वारा

आवेदक राममोहन द्विवेदी ने बताया कि मोबाइल में ऑनलाइन दुरुस्त देखकर मैं जब ऋण पुस्तिका के लिए पटवारी से संपर्क किया तो मुझसे 80 हजार रुपए की मांग की गई। साथ ही कहने लगे कि तहसीलदार तो अपना काम नहीं कर रहे थे। मैं बहुत विनंती करके आपका काम कराया हूं। आपको 80 हजार रुपए देना ही होगा। मैंने इतनी राशि देने से असमर्थता जताई और इतनी बड़ी रकम न देने के कारण वह मुझे लगभग डेढ़ साल तक ऋण पुस्तिका के लिए घूमाते रहे। जिसकी वजह से मैं और मेरा परिवार मानसिक प्रताड़ना झेल रहा है। मेरे द्वारा पटवारी से निवेदन करने पर वह अपने निजी आवास लखोली बुलाकर मुझे ऋण पुस्तिका दिए।

### राजस्व रिकार्ड में प्रमाणीकरण निरस्त पाया गया

आवेदक को ऋण पुस्तिका प्राप्त होते ही, आवेदक द्वारा प्रमाणीकरण आदेश की नकल निकालना चाहा तो पता चला कि वह आदेश की कॉपी नहीं थी। कोतवाल के पंचनामा की कॉपी लौटा दी गई है। तथा नामांतरण पंजी में नामांतरण की आवश्यकता नहीं है कह के प्रमाणीकरण को खारिज कर दिया गया है। जबकि अन्य लोगो का प्रमाणीकरण कर दिया गया था। मेरा प्रमाणीकरण क्यो खारिज किया गया इसका पता लगाने के लिए जब मैं तहसीलदार कार्यालय से नकल निकलाया तो नकल कालम क्रमांक 13 में हितबद्ध पक्षकारों को नोटिस तामील की सूचना नहीं दिया गया है,लिखा है। जबकि मैंने तहसीलदार से जारी नोटिस में क्रेता विक्रेता कोतवाल व पांच गवाहों के हस्ताक्षर कर उसकी मूल प्रति वहां के बाबू शैलेंद्र चौबे को दी थी। जो उस समय नोटिस तामील के प्रभारी थे।

# संकुल स्तरीय शिक्षक/पालक मेगा बैठक सम्पन्न



बांधाबाजार (दावा)। बांधाबाजार समीप संकुल जोशी लामती में संकुल स्तरीय शिक्षक पालक मेगा बैठक का आयोजन 6 अगस्त 2024 दिन मंगलवार को हाई स्कूल में आयोजित किया गया जिसके नोडल पी.डी साहू बैठक कि अध्यक्षता कर रही संकुल प्राचार्य श्रीमती अशवंतीन शोरी मेम जी संकुल समन्वयक श्रीमान शैलेंद्र कुमार शर्मा एवं उपस्थित शिक्षक पालक के बीच यह मेगा बैठक का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें शासन के योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए बच्चों की समग्र विकास समग्र शिक्षा पर जोर देते हुए यहां पलकों को सम्मिलित कर उन्हें अवगत कराया गया और आने वाले समय में बेहतर शिक्षा शालाओं मे मिल सके इस पर कार्य किया जा सके इस पर चर्चा किया गया है।

पालक शिक्षक मेगा बैठक

06 अगस्त 2024, दिन मंगलवार पालक शिक्षक मेगा बैठक में इन बिंदुओं पर चर्चा किया जावेगा। जिसमें निम्न बिन्दुओं पर चर्चा किया गया।

1) मेरा कोना (घर पर पढ़ाई का स्थान) (2) छात्र दिनचर्या (3) बच्चे ने आज क्या सीखा (4) बच्चा बोलेगा बेझिझक (5) अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा (6) पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करना (7) बस्ता रहित शनिवार (8) स्वास्थ्य परीक्षण/पोषण की जानकारी (9) जाति/निवास/आय प्रमाण पत्र (10) न्योता भोजन (11) प्रतियोगी परीक्षा (12) छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजनाएं (13) सीखने के विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म (14) अन्य जरूरी मुद्दे जो आवश्यक हों।

जिसमें संकुल से उपस्थित शिक्षक कीरत कुमार गणवीर, राजिव कुमार टेमरे, आंनद कुमार चन्द्रवंशी, श्रीमती देवकली चन्द्रवंशी, अंकालू राम चन्द्रवंशी शिवकुमार साहू, गजेन्द्र कहिरबा, कल्पलता चन्द्रवंशी, शंभूदयाल नायक मोनालिसा माहला, अशोक पटेल, होरी लाल भूवार्य, अजय कुमार चन्द्रवंशी, चैन कुमार सोनवानी, गैंदालाल कोलियारे, पालकगण खोरबाहरा राम धुर्वे, गिरजानंद सिन्हा, नरेश कुमार गजेन्द्र, संतोष कुमार चंद्रवंशी कामता प्रसाद, नोहर दास डहरे, देवलाल चंद्रवंशी, लोमन सिंह, सुखी राम कोरार्म, जगत कोर्राम, श्रीमती चंद्रकला,राजेंन्द्र कोर्राम, यादराम साहू, प्रताप यादव, आदि पालक उपस्थित थें।

# सिंघोला में वृक्षारोपण और हरेली कप का आयोजन



सिंघोला (दावा)। ग्राम सिंघोला में हरेली तिहार के अवसर पर सिंघोला प्रीमियर लीग समिति के युवाओं के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। समिति के अध्यक्ष छनेंद्र कुमार साहू (शिक्षक) एवं उपाध्यक्ष मुकेश साहू (ग्राम सरपंच) ने बताया कि आज से 15 वर्ष पहले लगभग 2009 में गांव के युवाओं को प्रकृति सरक्षण, लोगों को प्रकृति से जोड़ने के उद्देश से पुरे गांव से 6 टीम तैयार किया गया। ये टीम हरेली त्योहार के दिन क्रिकेट खेलने के साथ वृक्षारोपण का कार्य भी करती है। इस वर्ष समिति के सदस्यों ने अपने माता-पिता के नाम से एक-एक पौधा और ट्री गार्ड लगा कर उसे भविष्य में सुरक्षित रखने का संकल्प लिया है। उक्त कार्य क्रम में समिति के सदस्य राधे साहू, राकेश साहू,हरीश चंद्राकर, रूपेंद्र साहू, सतानंद साहू, गिरधारी धनकर,जितेंद्र साहू, पियूष साहू, धनजय सोनकर, माखन पटेल, लेखराम, बालमुकुंद, अजय, भीषण, योगेश, कुम्भज, चंद्रकांत, पप्पू राय, चंद्रप्रकाश, राकेश यादव, सौरभ, बलराम, मोहित, योगेश, धर्मेंद्र, इरेंद्र, प्रवीण पिस्दा, दुष्यंत, सेवा यादव, पोषण, प्रकाश, राजा, हेमंत, धर्मेंद्र, मोनू, कामेश, महेश, राकेश राय, कुलेश्वर, लकी, डेविड, हेमंत, ढालसिंग, नोमेश, बुद्धदेव, शीतेश, राजा, धनराज, बृजेश, घनश्याम, चितरंजन सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पिनकापार में पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन



हरदी (दावा)। राज्य शासन के शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 6 अगस्त को संकुल पिनकापार में पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन रखा गया था। जिसमें समस्त पालकों, जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था। मानिटरिंग के लिए जिला स्तर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी राकेश प्रधान डौंडीलोहारा, एवं नगर पंचायत अधिकारी डौंडीलोहारा पंकज चंद्राकर को नियुक्त किया गया था। संकुल प्रभारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के प्राचार्य कमलेश कुमार साहू के निर्देशन एवं संकुल समवन्यक रोशन लाल साहू के देखरेख व्यवस्था में संपन्न हुआ। शिक्षा विभाग से 12 बिंदु दिया गया था। जिसे विस्तार से बालक माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक धनसिंह कौमार्य ने वाचन किया। अधिकारी राकेश प्रधान एवं पंकज चंद्राकर ने आए हुए पालकों एवं जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए आगे शासन से जो 12 बिंदु तय किया गया था पालकों को विस्तार से समझाया।और पालकों जनप्रतिनिधियों ने कीमती समय निकाल कर बच्चों के प्रति जो समय निकाले इसके लिए मैं धन्यवाद देता हूँ। प्रभारी प्राचार्य कमलेश कुमार साहू ने पालक शिक्षक बैठक का उद्देश्य शिक्षकों को बच्चों के गतिविधियों को बताना। बच्चों को किस परिवेश में रखा जाए। बच्चे को किस प्रकार से टैलेंट करना है बोलने की शक्ति कैसे पैदा करना है इन सब बातों का परिचर्चा हमे करना चाहिए। सरपंच सोमिन भुआर्य ने भी अपनी बात रखी। जो 12 बिंदु में शामिल हैं। बच्चे स्कूल में तो जाते ही है वहाँ तो पढ़ाई करते हैं। साथ में घर में भी समय का निर्धारण किजिए। एवं बच्चों के दिनचर्या में शामिल करे। जिसका मॉनिटरिंग आप पालकों को करना है। जरुरत पड़ने पर शिक्षकों से बच्चों के गतिविधि को शेयर करे। क्योंकि बच्चे माँ बाप से ज्यादा शिक्षकों की मानते हैं। शिक्षकों की मान सम्मान करते हैं। प्रार्थना में सभी बच्चों को शामिल करे। एवं प्रार्थना के बाद बच्चों से कुछ न कुछ बोलने के लिए कहे बच्चे खड़े होकर बोल नही पाते। बच्चें को याद जरूर रहता है। लेकिन खड़े होकर बेझिझक बोल नही पाते इसी कारण अपने 12 बिंदु में शामिल किया गया है ताकि बच्चे बेझिझक बोल सके। संकुल समवन्यक रोशन साहू ने पालकों को बताया यह पालक शिक्षक मेगा बैठक पहला पाली है जो संकुल स्तरीय किया जा रहा है। दुसरी एवं तीसरी पाली की बैठक होना है जो बच्चों के तिमाही छमाही परीक्षा के 10-12 दिन पहले आयोजित होना है जो विद्यालय स्तरीय किया जाएगा।मेगा बैठक में प्रधान पाठक महाराजपुर गिरिजा साहू, प्रधान पाठक खामभाठ मुकेश कोशरिया, प्रधान पाठक कन्या प्राथमिक शाला पिनकापार विमला बोरकर, प्रधान पाठक बालक प्राथमिक शाला पिनकापार शत्रुहन सोनकर, प्रधान पाठक कन्या माध्यमिक शाला पिनकापार श्याम किरण नुन्हारे, प्रधान पाठक फुल अनिल कुंवर सेवता, जनप्रतिनिधि दिलेशवर भुआर्य, रूखमणी राजपूत जाग्रत देवांगन, भोज कुमारी साहू अध्यक्ष, गजेंद्र ठाकुर अध्यक्ष, पालक गण सुभाष खरे, लोकेश देवांगन, परस रावटे, श्रवण राजपूत, जगदीश देवांगन, बिंदा बाई पंच, रमेश पंच फुलसुंदरी से केशव निषाद, रामकिसुन गजभिये, रेखा साहू, रूपेश साहू, महाराजपुर से कोमल राणा, ज्वाला प्रसाद ठाकुर, नारायण साहू, तलाराम कुलेंद्र, दिलीप रावटे, हेमकुमारी देवांगन, ललिता निषाद, रेशमा भूआर्य, कनेशर रजक, रेखा कौमार्य, पुजा यादव उपस्तिथ थे।

# रानी मंदिर में सावन झूला उत्सव मनाया गया



राजनांदगांव (दावा)। सावन माह में रानी मंदिर छुईखदान में झूला उत्सव मनाया गया। भगवान श्री कृष्ण जी की पूजा करते हुए झूला में बिठाकर गीत संगीत गायन कर झूला उत्सव मनाया गया। गीत झूला झूले रे कन्हैया लाल कदम की डाली पे एवं झूला झूलन आ गये कन्हैया आदि गीत गाए। मंदिर समिति संरक्षक श्रीमती लतारानी लाल जे.के.वैष्णव ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार 04 अगस्त 2024 को छत्तीसगढ़ के पहली तिहार हरेली पर्व पर भगवान को चीला सहित विभिन्न व्यंजनों का भोग लगाया गया एवं कृषि औजार की पूजा किए। तीसरा सोमवार 05 अगस्त 2024 को भक्त जन भगवान श्री भोलेशंकर जी का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र, कनेर, फुडहर धतूरा पुष्प, चांवल, चनादल, चन्दन बंदन श्रीफल भेंट कर कपूर दीप से आरती कर महामृत्युंजय मंत्र, शिव चालीसा आदि पाठ किये। मंदिर परिसर भक्ति भाव ऊं नमः शिवाय, हर हर महादेव, श्री शिवाय नमस्तुभ्यं से गूंजित रहा। इस अवसर अनिल पुजारी रानी मंदिर, प्रहलाद महोबिया, गायत्री महोबिया, लतारानी वैष्णव, दिनेश मुकेश महोबिया सुप्रिया सचिन महोबिया, पं. अरविन्द शर्मा, लाल जे.के.वैष्णव, बल्ला यादव सहित बड़ी संख्या में भक्त जन उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### शेयर बाजार : निवेशकों के लिए राहत

मुंबई। शेयर बाजार निवेशकों के लिए राहत की खबर है। सोमवार को बड़ी गिरावट के बाद आज शेयर बाजार में जबरदस्त रिकवरी लौटी है। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 963.48 अंक उछलकर 79,722.88 अंक पर खुला है। इसी तरह एनएसई निफ्टी 295.00 अंकों की तेजी के साथ 24,350.60 अंक पर पहुंच गया है। स्टॉक्स की बात करें तो में टाटा मोटर्स, महिंद्रा, टाटा स्टील में जबरदस्त तेजी दर्ज की जा रही है। वहीं, गिरने वाले शेयर में सिर्फ हिंदुस्तान युनिलिवर है। मार्केट एक्सपर्ट का कहना है कि आज जरूर बाजार में तेजी लौटी है लेकिन निवेशकों को सर्तक रुख अपनाने की जरूरत है। ग्लोबल मार्केट में अस्थिरता बनी हुई है। इसका असर दुनियाभर के बाजारों पर देखने को मिल सकता है। ऐसे में जल्दबाजी में फैसला लेना नुकसानदायक रहेगा। हां, लंबी अवधि में निवेश करने का अच्छा मौका है। अच्छी कंपनियों के स्टॉक में थोड़ा-थोड़ा पैसा निवेश कर सकते हैं। म्यूचुअल फंड निवेशक नया स्ढ्क्क शुरू कर अच्छा रिटर्न पा सकते हैं।

### सोना 250 रुपये मजबूत हुआ, चांदी 1300 रुपये फिसली

नई दिल्ली। आभूषण कारोबारियों की मांग बढ़ने से दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 250 रुपये की तेजी के साथ 72,800 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। शनिवार को सोना पिछले सत्र में 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार सिक्का निर्माताओं और औद्योगिक इकाइयों का उठाव घटने से चांदी की कीमत 1,300 रुपये की गिरावट के साथ 84,200 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले सत्र में चांदी 85,500 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बंद हुई थी। दिल्ली सर्राफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 250 रुपये की बढ़त के साथ 72,450 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया, जो पिछले कारोबारी सत्र में 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स पर सोने का भाव 8.70 डॉलर की गिरावट के साथ 2,461.10 डॉलर प्रति औंस पर चल रहा है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, कॉमेक्स सोने में उतार-चढ़ाव भरा सत्र देखा गया और कारोबारियों ने शेयरों में भारी बिकवाली तथा पश्चिम एशिया के तनाव बढ़ने का आकलन किया।

### ब्रिटेन जाने वाले भारतीय नागरिकों के लिए जारी हुई एडवाइजरी

लंदन। ब्रिटेन के कई इलाकों में बीते करीब एक हफ्ते से हिंसा का दौर जारी है। साउथपोर्ट में एक 'डांस क्लास' में चाकूबाजी की घटना के बाद दंगे रुक नहीं रहे हैं। चाकूबाजी की घटना में तीन लड़कियों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। पुलिस ने हिंसा के संबंध में कम से कम 100 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस बीच भारत ने एहतियाती कदम उठाते हुए अपने नागरिकों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है।

लंदन में भारतीय उच्चायोग ने यह कहते हुए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है कि भारतीय यात्रियों को यूनाइटेड किंगडम के कुछ हिस्सों में हाल ही में हुई अशांति के बारे में पता होगा। लंदन में भारतीय उच्चायोग स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। भारत से आने वाले पर्यटकों को सलाह दी जाती है कि वो ्य में यात्रा करते समय सतर्क रहें और सावधानी बरतें।

## पेरिस ओलंपिक में आविनाश साबले ने रच दिया इतिहास, स्टीपलचेज के फाइनल में बनाई जगह

**नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के लिए 10वें दिन का अंत काफी शानदार रहा। भारतीय एथलीट अविनाश साबले ने दिन के अंत में इतिहास रच दिया। उन्होंने सोमवार को पेरिस ओलंपिक में मेंस 3000 मीटर स्टीपलचेज इवेंट के फाइनल में अपनी जगह बनाई। वह ओलंपिक में इस इवेंट में फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। यह उनके और पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक पल रहा। साबले से इस बार उम्मीद भी काफी है। आपको बता दें कि फाइनल में वह भारत के लिए मेडल भी जीतने के दावेदार माने जा रहे हैं।**




साबले ने 8:15.43 मिनट के समय के साथ अपनी हीट में 5वें स्थान हासिल किया और इस इवेंट में टॉप 15 में जगह बनाई। स्टीपलचेज में तीन हीट होती हैं और प्रत्येक हीट से शीर्ष पांच खिलाड़ी फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं। साबले की हीट को मोरक्को के मोहम्मद टिंडौफ्ट ने 8:10.62 मिनट के अपने व्यक्तिगत बेस्ट समय के साथ जीती। साबले ने शुरुआत में ठीक एक लैप तक बढ़त बनाए रखी, जिसके अंत में केन्या के अब्राहम किरीवोत ने आसानी से उनको पीछे छोड़ दिया। साबले धीरे-धीरे पांचवें स्थान पर आ गए, जो कि क्वालीफिकेशन के लिए अंतिम स्थान था, तथा उन्होंने अपनी दौड़ में काफी निरंतर बनाए रखा, कभी भी नीचे नहीं गिरे, तथा टॉप चार के बाकी खिलाड़ियों के साथ अपनी गति बनाए रखी। साबले अब 07 अगस्त की देर रात 1.13 बजे एक्शन में नजर आएंगे। जहां यब उनका फाइनल रन होगा। पिछले ओलंपिक यानी कि टोक्यो 2020 में भी उन्होंने हिस्सा लिया था, लेकिन वह फाइनल में नहीं जा सके थे।

साबले ने उसके बाद से अपने खेल में काफी सुधार किया और कई बड़े रिकॉर्ड बनाए। साबले ने एशियन गेम्स में भारत के लिए गोल्ड मेडल भी जीता था। जोकि इस वक्त उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

## जैवलिन में नीरज चोपड़ा ने फाइनल के लिए किया क्वालीफाई



नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय प्लेयर्स बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया है। भारत ने मौजूदा ओलंपिक में तीन ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं और तीनों ही शूटिंग से आए हैं। लेकिन एथलेक्टिस से भारतवासियों को बहुत ही ज्यादा उम्मीदें हैं। क्योंकि वहां जैवलिन में नीरज चोपड़ा चुनौती पेश कर रहे हैं।

अब क्वालीफाइंग राउंड में नीरज ने पहला थ्रो ही 89.34 मीटर दूर तक फेंका है और फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। उनसे गोल्ड मेडल की आस है। नीरज चोपड़ा ने अपने सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका है। उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो 88.36 मीटर को पार कर लिया। जो उन्होंने मई 2024 में दोहा डायमंड लीग में बनाया था। दूसरी तरफ पाकिस्तान के अरशद नदीम ने भी अपने प्रयास में 86.59 मीटर थ्रो के साथ फाइनल के लिए ही क्वालीफाई कर लिया है। फाइनल में पहुंचे के लिए प्लेयर को 84 मीटर तक थ्रो फेंकना होता है।

## नितिन गड़करी का ऐलान , अब गन्ने के रस से चलेंगी गाड़ियां



मुंबई। अगर अगर देश में दिनोंदिन बढ़ते पेट्रोल और डीजल के दामों से परेशान हैं तो हम आपके लिए एक खुशखबरी लेकर आए हैं. खुशखबरी यह है कि अब आपकी कार और बाइक पेट्रोल से नहीं, बल्कि गन्ने के जूस से चलेगी. यह हम नहीं, बल्कि केंद्र सरकार कह रही है. केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का कहना है कि जल्द ही गन्ने के जूस से चलने वाले गाड़ियां भारतीय बाजारों में दिखाई देने वाली हैं. उन्होंने कहा कि अब तक पेट्रोल में गन्ने के जूस से बनने वाले इथेनॉल की सीमित मात्रा मिलाई जाती थी, लेकिन अब 100 प्रतिशत इथेनॉल पर गाड़ियां चलेंगी.

### इसका प्रदूषण जीरो है

नितिन गडकरी ने कहा कि वर्ल्ड की पहले ही इन्नोवा गाड़ी है टोयोटा की जो फ्लेक्स इंजन में है, यूरो सिक्स के एमिशन नॉर्म्स को कंप्लाय करती है. इसका प्रदूषण जीरो है, जो गन्ने के जूस से, ब्रोकेन राइस से और मक्के से जो इथेनॉल बनता है, वो 100त्न इथेनॉल पे चलती है और इसकी विशेषता ये है की पेट्रोल की तुलना में अगर एवरेज की तुलना करे तो इसका रेट ?25 प्रति लीटर आता है.

### किसानों द्वारा तैयार किया जाता है गन्ना

इथेनॉल स्वदेशी है किसानों ने तैयार किया है. अब इसके बाद टोयोटा सुजुकी और टाटा ये सब फ्लेक्स इंजन ला रहे है. बजाज टीवीएस और हीरो इन्होंने फ्लेक्स इंजन की स्कूटर और मोटरसाइकिल लाई है. अब जैसे पेट्रोल के पंप होंगे, वैसे किसानों ने बनाये हुए इथेनॉल के पंप होंगे. केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि हमारा इंपोर्ट 16,00,000 करोड़ का है. प्रदूषण इतना हो रहा है ये करने से प्रदूषण खत्म हो जायेगा. पैसे बचेंगे और विशेष रूप से किसानों को इसका फायदा होगा.

## पूर्व क्रिकेट कप्तान मशरफे मुर्तजा के घर पर आगजनी



नई दिल्ली। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री का पद छोड़ने के बाद शेख हसीना ने अपना देश भी छोड़ दिया। शेख हसीना के इस फैसले के बाद बांग्लादेश में हिंसा का माहौल हैं।

बांग्लादेश क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मशरफे मुर्ताजा के घर में प्रदर्शनकारियों ने तोड़फोड़ की और फिर घर को जला दिया गया। मशरफे शेख हसीना के बेहद करीबी माने जाते हैं, जो भारी विरोध और हंगामे के बीच इस्तीफा देकर आनन-फानन में बांग्लादेश छोड़कर लंदन की उड़ान की उड़ान भर चुकी है।

## रेयान हैरिस दक्षिण ऑस्ट्रेलिया पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच नियुक्त

एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज रेयान हैरिस को जेसन गिलेस्पी की जगह दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।

दो दशक से भी ज्यादा समय पहले दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के साथ हैरिस ने अपना प्रथम श्रेणी करियर शुरू किया था। अब वो इस नई भूमिका के लिए उत्सुक है, जिससे पहले उन्होंने अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से हैरिस ने कहा, मैं दक्षिण ऑस्ट्रेलिया का मुख्य कोच नियुक्त किए जाने से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। 2015 में इंग्लैंड में एशेज सीरीज के दौरान घुटने की एक पुरानी चोट के कारण हैरिस ने अपना खेल करियर समाप्त करना ठीक समझा था। इसके बाद उन्होंने कोचिंग में कदम रखा और ऑस्ट्रेलियाई अंडर-19 टीम के साथ सफलता हासिल की, जिसकी अगुआई उन्होंने मौजूदा विक्टोरिया कोच क्रिस रोजर्स के साथ 2018 और 2020 में विश्व कप में की।

उन्होंने किंग्स इलेवन पंजाब और दिल्ली कैपिटल्स के साथ इंडियन प्रीमियर लीग में और ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम के लिए सलाहकार गेंदबाजी कोच के रूप में काम करके सफेद गेंद के क्रिकेट में भी अनुभव प्राप्त किया। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया का हालिया प्रदर्शन चुनौतीपूर्ण रहा है, पिछले सीजन में वनडे कप में टीम सबसे निचले पायदान पर रही और शेफील्ड शील्ड में नीचे से दूसरे स्थान पर रही।

## भारतीय हॉकी टीम गोल्ड मेडल रेस से बाहर: जर्मनी ने 54वें मिनट में गोल कर 3-2 से जीता सेमीफाइनल

पेरिस। जर्मनी ने सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को हराकर पेरिस ओलंपिक के फाइनल में जगह बना ली है। जर्मनी ने इस मैच में भारत को 3-2 के अंतर से हराया और स्वर्ण पदक मुकाबले में जगह बना ली। जर्मनी का फाइनल में सामना नीदरलैंड से होगा जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में स्पेन को हराया था।




भारतीय टीम भले ही स्वर्ण पदक मुकाबले के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी, लेकिन हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम के पास कांस्य पदक जीतने का मौका रहेगा। भारत का कांस्य के लिए सामना स्पेन से होगा। भारत ने इस मैच में पहले क्वार्टर में गोल कर बढ़त बनाई थी, लेकिन दूसरे क्वार्टर में जर्मनी ने दो गोल दागे और भारत पर बढ़त बना ली थी। इसके बाद तीसरे क्वार्टर में भारत ने फिर बराबरी का गोल दागा, लेकिन मैच समाप्त होने से छह मिनट पहले जर्मनी ने तीसरा गोल दागा जिसने अंत में अंतर पैदा कर दिया। इस तरह भारत का स्वर्ण पदक जीतने का 44 वर्षों का इंतजार बढ़ गया।

मैच में 3 मिनट बचे थे। भारत के गोलकीपर पीआर श्रीजेश मैदान छोड़ कर चले गए। उनकी जगह भारत ने फील्ड प्लेयर बढ़ा लिया। आखिरी मिनट में गोल करने का मौका भी मिला, लेकिन भारत गोल नहीं कर सका। फुल टाइम की व्हिसल बजी और भारत ने गोल्ड मेडल जीतने का मौका लगातार दूसरे ओलिंपिक में गंवा दिया।

## ओलंपिक पुरुष फुटबॉल फ़ाइनल में फ़्रांस का मुकाबला स्पेन से

पेरिस। पेरिस 2024 में पुरुष फुटबॉल फाइनल में फ्रांस का सामना स्पेन से होगा, क्योंकि उन्होंने सोमवार देर रात अतिरिक्त समय के बाद 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे मिस्र को 3-1 से हराया।



जीन-फिलिप माटेटा, जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में अर्जेंटीना पर फ्रांस की 1-0 की जीत में विजयी गोल किया था, ने सेमीफाइनल में दो गोल किए। रिपोर्ट के अनुसार, पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद मिस्र ने 62वें मिनट में डिफेंडर सेबर महमूद के जरिए गतिरोध को तोड़ा, जिनके एक शॉट को रोक दिया गया था, लेकिन उन्होंने रिबाउंड हासिल कर लिया और दो डिफेंडरों को छका कर गोल दाग दिया। महमूद के गोल ने फ्रांस को हरकत में ला दिया। उनके अथक हमले का फल 83वें मिनट में मिला जब माटेटा ने माइकल ओलिसे की थ्रू-बॉल पर दौड़ लगाई और उसे मिस्र के असहाय गोलकीपर अला हमजा के पास से निकालकर गोल में पहुंचा दिया।

90 मिनट के बाद स्कोर 1-1 होने पर, खेल अतिरिक्त समय में चला गया, और मिस्र को एक बड़ा झटका लगा जब डिफेंडर फ़ायद उमर को पहली अवधि में केवल दो मिनट में दूसरे पीले कार्ड के लिए बाहर भेज दिया गया। मैन एडवांटेज के साथ, फ्रांस 99वें मिनट में माटेटा के शक्तिशाली हेडर के माध्यम से 2-1 से आगे हो गया, इसके बाद ओलिसे ने 108वें मिनट में बॉक्स के किनारे से एक शॉट के साथ मेजबान टीम के लिए जीत हासिल की। फ्रांस, जिसने मिस्र के 15 के मुकाबले 31 शॉट दर्ज किए, ने भी तीन बार पोस्ट पर गेंद मारी।दूसरे सेमीफाइनल में स्पेन ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मोरक्को को 2-1 से हराया।जापान पर स्पेन की क्वार्टरफाइनल में 3-0 से जीत में दो गोल करने वाले फ़रमिन लोपेज़ एक बार फिर अपनी टीम के हीरो रहे, क्योंकि सेमीफ़ाइनल में उन्होंने एक स्कोर किया और दूसरे में मदद की।37वें मिनट में स्पेन ने खुद को 1-0 से पीछे पाया जब मोरक्को के फारवर्ड सौफियाने रहीमी ने पेनल्टी किक को गोल में बदल दिया।66वें मिनट में, उन्होंने लोपेज के माध्यम से बराबरी कर ली, जिन्होंने बॉक्स के अंदर एक नीचा शॉट मारा। डिफेंडर जुआनलू सांचेज ने 85वें मिनट में लोपेज़ के पास पर लपककर गेंद को कार्नर में डाल कर विजयी गोल किया।

***बांग्लादेश में उथल-पुथल के पीछे चीन..***

0 कुछ करीबी रिश्तेदार के साथ हसीना ने ली भारत में शरण- हसीना के साथ हिंडन एयरफोर्स बेस पहुंचे उनके करीबी लोगों के बारे में भी सवाल हुए तो विदेशमंत्री ने कहा कि कुछ करीबी रिश्तेदार उनके साथ आए हैं मगर इनकी संख्या का खुलासा करना मुनासिब नहीं होगा। बांग्लादेश की पूर्व पीएम के ब्रिटेन, फिनलैंड और दुबई में राजनीतिक शरण की चर्चाओं पर भी सवाल हुए जिस पर विदेशमंत्री ने कहा कि हसीना की इन देशों से बातचीत चल रही है।

0 भारत में कुछ दिन और रह सकती हैं हसीना- सूत्रों ने बताया कि विपक्षी नेताओं को जो संकेत दिए गए उसके मुताबिक ब्रिटेन में राजनीतिक शरण में अभी कुछ अवरोधक हैं जिसमें हसीना को कानूनी बचाव का कवच देने का मसला है। बांग्लादेश में उनके खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय मंचों की निगरानी में जांच की संभावनाओं को देखते हुए कानूनी कवच देने की गारंटी देने के लिए ब्रिटेन अभी राजी नहीं हुआ है। ऐसे में राजनीतिक शरण का फैसला होने में थोड़ा वक्त लग सकता है और हसीना अभी भारत में कुछ दिन और रह सकती हैं। सूत्रों ने बताया कि वर्तमान चर्चाओं के हिसाब से शेख हसीना को फिलहाल दुबई में राजनीतिक शरण मिलने की संभावनाएं ज्यादा हैं।

0 विपक्षी नेताओं ने सरकार को पूरा समर्थन देने का दिया भरोसा- सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं ने बांग्लादेश मुद्दे पर राजनीतिक लाइन से इतर सरकार को पूरा समर्थन देने का भरोसा दिया और कहा कि राष्ट्रीय हित के मामले में हम सब एक साथ हैं। तृणमूल कांग्रेस नेता सुदीप बंधोपाध्याय ने कहा कि उनकी पार्टी केंद्र के हर निर्णय के साथ है मगर उनका आग्रह है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बांग्लादेश से जुड़े मामले की जानकारी देकर उनको भरोसे में लिया जाए। सर्वदलीय बैठक में बांग्लादेश घटनाक्रम पर राजनीतिक दलों के मिले समर्थन को विदेशमंत्री ने पहले एक्स पर पोस्ट और फिर संसद में दिए बयान में खुले रूप में स्वीकार करते हुए कहा कि सर्वसम्मति से मिले समर्थन और समझ की वे सराहना करते हैं।

0 आप को सरकार ने इस बैठक में नहीं किया आमंत्रित - बैठक में सरकार की ओर से गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आदि मौजूद थे तो विपक्ष की ओर से राहुल गांधी के अलावा द्रमुक के टीआर बालू, जनतादल यूनाइटेड के राजीव रंजन सिंह ललन, सपा के राम गोपाल यादव, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय और डेरेक ओ ब्रायन, राजद की मीसा भारती, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत, बीजू जनतादल के सस्मित पात्रा, एनसीपी पवार गुट की सुप्रिया सुले, तेलुगुदेशम के राममोहन नायडू आदि मौजूद थे। आम आदमी पार्टी को सरकार ने इस बैठक में आमंत्रित नहीं किया था।

## प्रथम पेज का शेष

***बांग्लादेश हिंसा पर शाह,...***

मुश्किलें आ सकती हैं। ऐसे में घुसपैठिए के साथ ही पूर्वोत्तर के उग्रवादी संगठन भी इसी की ओट लेकर फिर से सक्रिय हो सकते हैं और किसी घटना का अंजाम दे सकते हैं। बताया जाता है कि ऐसी समीक्षा बैठक लगभग रोजाना स्तर पर होगी। सुरक्षा बलों को सतर्क रहने के साथ साथ संवेदनशील रहने को भी कहा गया है।

***मुर्मु को फिजी का सर्वोच्च***

को फिजी के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, द कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई। यह प्रतिष्ठित सम्मान न केवल आपके असाधारण नेतृत्व और सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पण को दर्शाता है, बल्कि भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव और प्रतिष्ठा को भी दर्शाता है। यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है।'

***शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ ...***

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के उस दावे को खारिज किया, जिसमें उन्होंने सदन के भीतर कहा था कि कांग्रेस सरकार ने किसानों को कोई कर्जमाफी नहीं दी। दिग्विजय सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ के नेतृत्व में मध्य प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने लगभग 37 लाख किसानों का कर्ज माफ किया था। शिवराज सरकार के कृषि मंत्री का बयान भी आया था कि कांग्रेस के समय किसानों का कर्ज माफ हुआ है। लेकिन, सदन में चौहान ने कहा कि कांग्रेस को जब मौका मिला, तब किसानों का कर्ज माफ नहीं किया गया। ये बिल्कुल झूठ है। इसका प्रमाण हमारे पास है। उन्होंने चौहान के इस दावे को भी खारिज किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि दिग्विजय सिंह ने जब वर्ष 2003 में मुख्यमंत्री का पद छोड़ा था, तब मध्य प्रदेश में केवल साढ़े सात लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित थी। दिग्विजय सिंह ने कहा कि वास्तव में 1997-98 में राज्य में 33 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित थी।

***मनीष सिसोदिया की जमानत पर ...***

सुप्रीम कोर्ट में राजू ने यह भी दलील दी कि अगर सिसौदिया को डिस्चार्ज के लिए आवेदन दाखिल नहीं करना है तो उन्हें कोर्ट को इस बारे में सूचित करना चाहिए। साथ ही दलील दी कि अगर सिसोदिया को रिलीज किया जाएगा तो इस मामले में जो साक्ष्य हैं उसके छेड़छाड़ की आशंका है और गवाहों को प्रभावित किया जा सकता है।

0 क्या बोले सिसोदिया के वकील- इस मामले में अडिशनल सॉलिसिटर जनरल राजू की दलील का सिसोदिया के वकील सिंघवी ने कड़ा विरोध किया और कहा कि सिसौदिया ने जो भी आवेदन दाखिल किया था ज्यादातर ट्रायल कोर्ट ने स्वीकार किया।

इस दौरान कोर्ट ने अडिशनल सॉलिसिटर जनरल से पूछा कि आप बता सकते हैं कि कब ट्रायल शुरू हो सकता है और क्या संभावना है कि कब शुरू होकर कब खत्म होगा? तब अडिशनल सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि एजेंसी अभियोजन पक्ष के गवाहों के बयान 12 अगस्त से शुरू कर सकता है और ट्रायल रोजाना के बेसिस पर हो सकता है। तब सिंघवी ने कहा कि मेरे दोस्त (ईडी के वकील) सुझाव दे रहे हैं कि रोजाना सुनवाई हो सकती है जबकि अभी 40 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय नहीं हुए हैं। एक शख्स को जेल में रखना महत्वपूर्ण है? हमें सच का सामना करना चाहिए। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। सिसौदिया के खिलाफ ईडी और सीबीआई ने केस दर्ज कर रखा है। इन दोनों ही मामले में सिसौदिया ने जमानत की मांग की है। सीबीआई ने पिछले साल 26 फरवरी को करप्शन मामले में सिसौदिया को गिरफ्तार किया था और ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में सिसौदिया को 9 मार्च 2023 को गिरफ्तार किया था। दोनों ही मामले में सिसौदिया अभी जेल में बंद हैं।

***एनसीईआरटी की किताबों से क्या संविधान ..***

का कोई आधार नहीं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पहली बार एनसीईआरटी ने पाठ्यपुस्तकों में भारत के संविधान के विभिन्न पहलुओं– प्रस्तावना, मौलिक कर्तव्य, मौलिक अधिकार, राष्ट्रगान को उचित महत्व और सम्मान देने का काम किया है। बच्चों के समग्र विकास के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के के दृष्टिकोण का पालन करते हुए इन सभी पहलुओं को उम्र के हिसाब से विभिन्न चरणों की पाठ्यपुस्तकों में रखा जा रहा है। लेकिन, शिक्षा जैसे विषय को भी अपने झूठ की राजनीति के लिए इस्तेमाल करना और इसके लिए बच्चों का सहारा लेना कांग्रेस पार्टी की घृणित मानसिकता को दिखाता है।

बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले और भारतीय शिक्षा व्यवस्था को बकवास बताने वालों को झूठ फैलाने से पहले सच जानने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैकाले की विचारधारा से प्रेरित कांग्रेस शुरू से ही भारत के विकास और शिक्षा व्यवस्था से घृणा रखती है। यह तर्क कि केवल संविधान की प्रस्तावना ही संवैधानिक मूल्यों का प्रतिबिंब है, कांग्रेस की संविधान की समझ को उजागर करता है। कांग्रेस का पाप का घड़ा भर चुका है और आजकल जो झूठे संविधान प्रेमी बनकर घूम रहे हैं और संविधान की प्रति लहरा रहे हैं, इनके पूर्वजों ने ही बार-बार संविधान की मूल भावना की हत्या करने का काम किया था।

***भारत-बांग्लादेश सीमा को किया ...***

समीक्षा के लिए बीएसएफ अधिकारियों के साथ बैठक भी की तथा अवैध घुसपैठ और तस्करी से निपटने के लिए परिचालन रणनीतियों पर चर्चा की। बीएसएफ द्वारा एक बयान में बताया गया कि डीजी ने मौजूदा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अधिकारियों और जवानों को सीमा पर अत्यधिक सतर्कता बरतने और किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा।

# बारिश के दिनों में भी पानी की किल्लत से जूझ रहे लखोली नाका वासी

**राजनांदगांव (दावा)। पिछले कई दिनों से हो रही लगातार बारिश से नदी-नालों में पूर की स्थिति है शहर की जीवन दायिनी नदी शिवनाथ का हर कोना लबालब है और छलक रहा है। इसके बाद भी शहर के कई वार्डों में पेयजल समस्या बनी हुई है। शहर का श्रमिक बहुल इलाका लखोली नाका सेठी नगर वार्ड नं. 36 पिछले पखवाड़े भर से पेयजल समस्या से दो-चार हो रहा है।**

वार्ड के नलों में पानी नहीं के बराबर आ रहा है। इससे परेशान वार्डवासियों ने वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि अरूण दामले के नेतृत्व में नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन भी सौंपा है। इसके बाद भी वार्डवासियों को पेयजल समस्या से मुक्ति नहीं मिल रही है। बता दे कि वार्ड में नल खुलने का भी टाईम निश्चित नहीं है। इससे सुबह से ही काम-धंधे में चले जाने वाले लोगों को पानी नसीब नहीं हो पा रहा। परेशान लोग सुबह काम में जाने से पहले पानी की खोज में गुंडी-बाल्टी लेकर निकल पड़ते है। बताया जाता है कि लखोली नाका वार्ड से लगे अन्य वार्डों के में ठीक-ठाक पानी आ रहा है लेकिन लखोली नाका वार्ड के नलों में पानी ठीक तरह से नहीं आ रहा। वार्ड की महिला शारदा साहू ने बताया कि देर-सबेर कभी नल खुल भी गया तो मुश्किल से पांच मिनट चल गया तो बहुत है। शिकायत के बाद वार्ड में पेयजल समस्या से निपटने के लिए टेंकर भेजा जा रहा है। लेकिन वह टैंकर कभी दोपहर तो कभी 10 बजे तो कभी 4 बजे वार्डों में पहुंचता है। इसस समय श्रमिक बहुल वार्ड के लोग काम में गए रहते है। वहीं बरसते पानी के बीच टेंकर आने से लोग पानी से भीगने से बचने अपने घरों से निकल नहीं पाते। कुल मिलाकर देखा जाए तो वार्ड में पेयजल समस्या लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। खासकर श्रमिक बहुल वार्डों में लोग दिन भर पानी के लिए घूमे या फिर अपनी पेट रोजी के लिए काम करने जाए चिंतनीय विषय हो गया है।



वार्ड पार्षद ने आयुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन
सुधर नहीं रही वार्ड की पेयजल समस्या

### आयुक्त के नाम सौंपा गया ज्ञापन

लखोली नाका वार्ड नं. 36 एवं वार्ड क्र. 29 में बनी पानी की समस्या से बेजार वार्डवासी श्रीमती अनिता यादव, संजू शारदा बाई, मनीष गढ़पायले, नरेश गजभिए, पप्पू मरकाम आदि सहित पार्षद प्रतिनिधि अरूण दामले के नेतृत्व में आयुक्त को ज्ञापन सौंपने नगर निगम गए हुए थे लेकिन उनकी अनुपस्थिति में उन्हें निगम काउंटर ज्ञापन जमा कर आना पड़ा। पार्षद प्रतिनिधि अरुण दामले ने बताया कि दोनों वार्ड में पानी नहीं आने की वजह निगम के इंजीनियर को लेकर आने पर ही पता चल पाएगा। सोमवार को लखोली नाका चौक के समीप पाइप लाइन चेक करने गडढा खोदा गया, इसके बाद भी फाल्ट पता नहीं चल पाया है। वार्डवासियों का कहना है कि गर्मी के दिनों में वार्ड में पानी की किल्लत नहीं हुई लेकिन बारिश के दिनों में पानी की किल्लत होना अचरज की बात लगती है। लोगों का कहना है कि जब से मोहारा इंटकवेल में कचरा जमा होने की समस्या आई है वार्ड में पानी की समस्या बनी हुई है। शहर में उक्त समस्या से न केवल लखोली नाका के दोनों वार्ड के निवासियों को झेलनी पड़ रही है। शहर के पटरी पार वासी भी पेयजल समस्या का सामना कर रहे है। नगर-निगम में लगातार शिकायत के बाद न तो पेयजल विभाग ध्यान दे रहा है और निगम के अधिकारी व इंजीनियर को नलों में पानी कम आने की चिंता है। बारिश के दिनों में वार्डवासियों को गुंडी-बाल्टी लेकर पानी के लिए यत्र तत्र भटकना नियति हो गई है।

# आपरेशन रक्षा सूत्र का रथ पहुंचा संस्कारधानी

राजनांदगांव (दावा)। सिपाही रक्षासूत्र 2024 (तिरंगा सिपाही और मेरा देश) आपरेशन रक्षा सूत्र के तहत निकाली गई रथ सोमवार को संस्कारधानी नगरी पहुंची। रथ का स्वागत कार्यक्रम डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र उच्चतर माध्यमिक शाला बसंतपुर में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित किया गया गया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, जिला भाजपा महामंत्री राजेंद्र गोलछा, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा किरण साहू, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. रेखा मेश्राम, जनपद अध्यक्ष प्रतिक्षा भंडारी, जिला महामंत्री देवकुमारी साहू, वर्षा गेडाम, शालू वर्मा, सुधा पवार सहित महिला मोर्चा की बहनें शामिल हुई।

उक्त कार्यक्रम में जिला महिला मोर्चा द्वारा 3800 हजार राखियां हमारे सिपाही भाईयों के लिए भेजा गया।



भाजपा महिला मोर्चा द्वारा रथ का किया गया भव्य स्वागत : भेजी गई तीन हजार से ज्यादा राखियां

साथ ही उन्होंने सीमा पर देश की रक्षा करने वाले भाइयों के लिए मौली राखी के साथ ढेर सारी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए अपने भाइयों की कलाइयों पर राखी बांधने, ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि सीमा पर तैनात हमारे सभी भाई सुरक्षित रहकर देश की सेवा करते रहें और मातृभूमि की रक्षा करते रहे। इस दौरान महिला मोर्चा द्वारा जय हिन्द और जय हिन्द की सेना का उद्घोष करते हुए हमारे सैनिकों के लिए ईश्वर से उनके स्वस्थ और लंबी आयु की प्रार्थना की गई।

# वन अधिकार पत्रक के संबंध में कार्यशाला का आयोजन

मोहला (दावा)। व्यक्तिगत वन अधिकारों के अभिलेखीकरण तथा वन अधिकार धारकों के मृत्यु उपरांत उनके विधिक वारिसानों को अधिकार हस्तांतरण किए जाने के संबंध में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया।



कार्यशाला के माध्यम से किए जाने वाले कार्यवाही की विस्तृत प्रक्रिया के संबंध में राजस्व विभाग, वन विभाग, आदिवासी विकास विभाग एवं भू-अभिलेख के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर एस जयवर्धन ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में कहा कि वन अधिकार पत्रक धारकों के ऋण पुस्तिका सहित अन्य सभी अभिलेख अद्यतन रखें। उन्होंने कहा कि ऋण पुस्तिका, वन अधिकार पत्रक पंजी संधारित करें। वन अधिकार पत्रक धारक की मृत्यु हो जाने की दशा में डाटा संग्रहित करें। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग के अधिकारी इस कार्य को बेहद संवेदनशीलता के साथ गंभीरता पूर्वक करें। वन अधिकार पत्रक धारक की मृत्यु हो जाने की दशा में उसके वैध वारिसान का नाम दर्ज करते हुए उसे भूमि हस्तांतरित करने की कार्यवाही करें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में वन अधिकार पत्रक धारक की मृत्यु हो जाने की दशा में उसके वैध वारिसान को भूमि हस्तांतरित करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया कि वन अधिकार पत्रक धारक की भूमि यदि वह राजस्व विभाग से संबंधित भूमि है, तो संबंधित भूमि का नामांकन, बटवारा, फौती का कार्य राजस्व विभाग द्वारा संपादित किया जाएगा। इसी तरह यदि वह भूमि वन विभाग से संबंधित है, तो वन विभाग द्वारा विधिक कार्यवाही किया जाएगा।

वन अधिकार पत्रक धारकों के भूमि हस्तांतरण के संबंध में निहित प्रक्रिया के तहत उसके वैध वारिसो को भूमि हस्तांतरित किया जाएगा। इस संबंध में प्रशिक्षण में अधिकारियों को जानकारी दिया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, एसडीएम मोहला हेमेन्द्र भुआर्य, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# कानून व्यवस्था व पत्रकार पर हमले के मामले में उचित कार्रवाई की मांग को लेकर पत्रकारों ने पुलिस अधिकारियों से की मुलाकात

बालोद (दावा)। बीते दिनों नगर पंचायत गुरुर में अवैध कांप्लेक्स निर्माण में अतिक्रमण हटाने पर हुई कार्रवाई के बाद से बालोद जिले में लगातार धरना प्रदर्शन हो रहे हैं। इसके अलावा गुरुर क्षेत्र के पत्रकार के साथ मारपीट का मामला भी सामने आया। इन दोनो घटनाओं के मामले में लगातार धरना प्रदर्शन से जिले में राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है। इसके अलावा पत्रकार पर हमले को लेकर भी अनेक राजनीतिक दलों ने निंदा करते हुए कार्रवाई की मांग की है। बालोद शहर में लगातार धरना प्रदर्शन से कानून व्यवस्था ना बिगड़े इसे लेकर नगर के पत्रकारों ने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की व इन दोनों मामले में अब तक पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की के विषय पर चर्चा की।

बता दें गुरुर में अवैध व्यवसायिक परिसर को तोड़ने के बाद से लगातार राजनीतिक दलों द्वारा बयानबाजी की जा रही है। इस मामले में गुरुर की महिला भाजपा पार्षद को सड़क पर घसीट कर मारपीट करने का वीडियो सामने आने के बाद यह मामला और तूल पकड़ा है। इसके बाद इसी मामले में ही एक महिला द्वारा पीड़ित महिला पार्षद के रिश्तेदार के खिलाफ छेड़खानी का मामला पहले दर्ज कराया गया फिर उसे वापस ले लिया गया इसके बाद कुछ लोगों द्वारा गुरुर के पत्रकार पर हमला करने का भी मामला सामने आया। तीनों मामलों को एक ही नजर से देखा जा रहा है। इसके चलते जिले में धरना प्रदर्शन, पुतला दहन आदि लगातार किए जा रहे हैं। इस मामले को लेकर बालोद के बाद गुरुर में भी भाजपाइयों द्वारा प्रदर्शन किया गया है। इसके अलावा भाजपा और कांग्रेस नेताओं की लगातार बयान बाजी भी चल रही है। यही नहीं धरना प्रदर्शन में कार्रवाई नहीं होने पर आगे उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी जा रही है, इससे शहर में कानून व्यवस्था पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसे लेकर ही शनिवार को पत्रकारों ने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की व सार्थक चर्चा की।



एएसपी और डीएसपी ने कहा नियम पूर्वक होगी कार्रवाई नगर में हो रहे धरना प्रदर्शनों पर भी है नजर

चर्चा में एएसपी अशोक जोशी और डीएसपी नवनीत कौर ने बताया कि गुरुर की घटना के मामले में जितने भी आवेदन आए हैं, सभी पर जांच हो रही है। एफआईआर भी दर्ज की गई है, जिनके खिलाफ एफआईआर हुई है उनके खिलाफ भी पूरी निष्पक्षता के साथ जांच चल रही है। पीड़ित के भी बयान लिए जा रहे हैं। लगातार चल रहे धरना प्रदर्शन के मामले में पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि इस मामले को लेकर पुलिस पूरी तरह सजग है और किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था भंग नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने पत्रकारों को भरोसा भी दिलाया कि इस मामले में आरोपितों पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। पत्रकारों ने भी कानून व्यवस्था बनाए रखने हर संभव मदद करने की बात कही। इस दौरान पत्रकारों में टीकम पिपरिया, लक्ष्मण देवांगन, शिव जायसवाल, उत्तम साहू, प्रकाश उपाध्याय, जुनैद कुरेशी, बोधन भट्ट, अमजद चौहान, हरिवंश देशमुख, तिलक देशमुख, दीपक देवांगन, युमल विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

# नेहरू महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह संपन्न

राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के प्रावधानों एवं उपलब्ध सुविधाओं से विद्यार्थियों को कराया गया अवगत

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन के अकादमिक कलेण्डर 2024-25 के अनुसार 5 अगस्त को सोमवार प्रातः 11 बजे से नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का इंडक्शन प्रोग्राम, दीक्षारंभ समारोह के रूप में आयोजित किया गया। उक्त समारोह में बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत एवं इस सत्र से लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों एवं महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारें में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश महामंत्री भाजपा एवं पूर्व विधायक डोंगरगढ़ रामजी भारती, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डोंगरगढ़ विनोद खांडेकर, न.पा.प. उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष भाजपा सुरेन्द्र सिंग बन्नौआना, स.शि.उ.मा.वि.डोंगरगढ़ के अध्यक्ष सुनील जैन चीकु, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रांत सहमंत्री सुश्री रश्मि देवी एवं महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं छत्तीसगढ़ के राजगीत से की गई। तत्पश्चात समस्त अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत एवं समस्त नवप्रवेशित विद्यार्थियों को तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती द्वारा स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों का स्वागत-अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश महामंत्री भाजपा एवं डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक रामजी भारती, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक विनोद खांडेकर,

स.शि.उ.मा.वि.डोंगरगढ़ के अध्यक्ष सुनील जैन चीकु अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रांत सहमंत्री सुश्री रश्मि देवी,अ.भा.वि.प. के जिला संयोजक अमन नामदेव आदि ने दीक्षारंभ कार्यक्रम में अपने विचार रखे। कार्यक्रम में समस्त अतिथियों को महाविद्यालय की ओर से स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।




### राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के प्रावधानों एवं उपलब्ध सुविधाओं से विद्यार्थियो को कराया गया अवगत

कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के मास्टर टेनर्स डॉ. आर.आर.कोचे द्वारा बी.ए, बीकॉम एंव बीएससी प्रथम सेमेस्टर के छात्र -छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों, के प्रावधानों तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से प्राप्त लाभों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त डॉ. कोचे ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत सेमेस्टर प्रणाली के आधार पर वर्ष में दो बार परीक्षा ली जायेगी, इसके अंतर्गत प्रत्येक सेमेस्टर में दो आंतरिक परीक्षाओं के साथ-साथ एक असाईमेट का कार्य सौपा जायेगा, इससे विद्यार्थियो को पहले की तुलना में परीक्षा उत्तीर्ण करना बहुत आसान हो सकेगा। परिणामस्वरूप विद्यार्थी को परीक्षा का तनाव कम होगा। साथ ही महाविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्षों एवं अतिथि व्याख्याताओं द्वारा अपने-अपने विभाग के संबंध में जानकारी दी गई । इसके अतिरिक्त महाविद्यालय की अधोसंरचना, पुस्तकालय, आधुनिक शिक्षण पद्यति, खेलकूद, योगा के संबंधित प्रभारियों द्वारा जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. श्रीमती आशा चौधरी, डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, जी.के यादव, श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी, ओ.पी. वर्मा, एच.आर.पदमें, गुलशन सिन्हा, अविनाश सिंह, बेदप्रकाश साहू, क्रीड़ा अधिकारी एम.एल. नंदेश्वर, ग्रंथपाल नितेश तिरपुडे, अतिथि व्याख्याता डॉ. नीता राजपुत, डॉ. येशुक्रिती हजारे, नीलम सिन्हा, डॉ. नौशिन अंजुम, मनीषा भेड़िया, तूलिका चक्रवर्ती, एवलाल मेश्राम, अनिमा मिंज,गौरव तिवारी सहित कर्मचारीगण नितिन शांडिल्य, संजय तिवारी, बी.एस. मंडावी, केजी सोनकर, विवेक श्रीवास, सुशील सोनवानी, शैलेन्द्र यादव, चित्रा खोब्रागढ़े सहित छात्र-छात्राओं के अभिभावकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन सहा.प्राध्या. सोनाली लोया खानखोजे एवं आभार प्रदर्शन जी.के. यादव द्वारा किया गया।

# थाना परिसर सहित विभिन्न जगहों पर किया गया पौधारोपण



ठेलकाडीह (दावा)। पर्यावरण की रक्षा ही हमारी सुरक्षा है, ऐसे में प्रदूषण से निजात दिलाने में पेड़-पौधे की सशक्त भूमिका हो जाती है. दुनिया समझ चुकी है कि पर्यावरण की रक्षा करनी है तो उसके पहले पेड़-पौधों की सुरक्षा करनी है।

पौधरोपण के साथ ही दूसरों को पर्यावरण के प्रति सजग करने की आवश्यकता है, इसलिए क्षेत्र के स्वयंसेवक तेजस्वी वर्मा एवं नीलू वर्मा के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर गत दिनों वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान ठेलकाडीह थाना परिसर, प्रेम मंदिर ठेलकडीह, मॉडल स्कूल एम बरबसपुर के डोंगापथरा मंदिर महरूमखुर्द, चवेली, खपरीखुर्द सहित अन्य जगहों पर वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर ठेलकाडीह थाना प्रभारी अमंरीश शर्मा, मंदिर के संस्थापक स्कूल संस्थापक रामेश्वर वर्मा, महरूमखुर्द सरपंच, खपरीखुर्द सरपंच तारणी पुरुषोत्तम वर्मा, बरबसपुर राजेश वर्मा मंदिर के पुजारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# तहसील संघ ने किया पौधारोपण



छुरिया (दावा)। तहसील साहू संघ छुरिया एवं परिक्षेत्र साहू संघ छुरिया के तत्वावधान में निर्माणाधीन तहसील साहू सदन के पास एवं परीक्षेत्रीय साहू समाज भवन के पास हरिहर छत्तीसगढ़ के तहत पौधारोपण किया गया जिसमें भुवनेश्वर प्रसाद साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ छुरिया चुरामन साहू अध्यक्ष परी क्षेत्रीय साहू संघ छुरिया जोधीलाल साहू संरक्षक छुरिया हेतराम साहू संरक्षक भोलापुर सोनबोईर साहब पूर्व सीईओ छुरिया प्रेमीचंद साहू धर्मेंद्र साहू उपाध्यक्ष मयाराम साहू उपाध्यक्ष हीरालाल साहू मनसुख साहू सचिव हुकुम साहू नेमनसाहू तोरण दास साहू एवं महेंद्र साहू समाज सेवक का विशेष सहयोग रहा।

# दीक्षारंभ कार्यक्रम में शामिल हुई जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव

छुरिया (दावा)। रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय में दीक्षारंभ (प्रवेश उत्सव) कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुई। कार्यक्रम का प्रारंभ मॉ सरस्वती की प्रतिमा के माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवल के साथ हुआ व तिलक लगाकर नवप्रवेशित छात्राओं का स्वागत किया गया। जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कार्यक्रम संबोधित करते हुए दीक्षारंभ प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित हुए नव प्रवेशी का बच्चों का अभिनंदन कर उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही अपने प्रेरणादायक विचारों से छात्राओं को प्रेरित किया और कहा कि जीवन में हमेशा चलते रहना चाहियें दौड़ते रहना चाहिये तभी हम मंजिल तक पहुँच सकते है। दीक्षारंभ कार्यक्रम बच्चों मे ज्ञान संस्कार आत्मनिर्भरता एवं परस्पर सम्बंधों की स्थापना पर आधारित है। इसलिए सभी छात्राओं को प्रतिदिन महाविद्यालय आना चाहिए। महाविद्यालय मे विभिन्न योजनाएं संचालित होती है विभिन्न कार्यक्रम होते है आप सभी अच्छे से अध्ययन करें और शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सकते है। साथ ही प्राचार्य डाक्टर सुषमा चौरे ने नई शिक्षा पथती के बारे में बच्चो को जानकारी दी साथ ही एक पेड़ मां के नाम पर माहाविधालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल मंत्री श्रीमती संगीता यादव, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुषमा चौरे, एनईएफ संयोजक डॉ.राजेन्द्र शर्मा, डॉ.एच. एस भाटिया, विनम चौरे, मंच संचालक दुष्यंत उपस्थित थे। साथ ही कालेज में छात्र छात्रा सामदास, जया, ईश्वरलाल, उषा, डेकनाथ सिन्हा व सपना को बी ए भाग एक, बी कॉम भाग एक बी एस सी भाग एक का एम्बेसडर मनोनित किया गया।



# गेड़ी चलाकर विधायक ने मनाई क्षेत्रवासियों के साथ हरेली पर्व



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा गेड़ी पर्व पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

डोंगरगढ़ (दावा)। कांग्रेस शासन काल में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रारंभ किए गए हरेली पर्व के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा आयोजित गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता के दौरान क्षेत्रीय विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने कांग्रेस कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासियों के साथ गेड़ी चला कर प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, नवाज खान, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष विजय राज सिंह चौहान, ग्रामीण अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, सेवादल जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह भाटिया, संदीप सिंह गहरवार, किरण मेश्राम, प्रकाश महानदी, रेखा खोब्रागढ़े, डाकेश्वर वर्मा, दिनेश साखरे सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों के साथ कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण



डोंगरगढ़/कलकसा (दावा)। विकासखण्ड डोंगरगढ़ के ग्राम ठाकुरटोला (को) निवासी केदान सिन्हा पंचायत सचिव ने अपने जन्मदिन के अवसर पर आज ग्राम के मुख्य स्थान पर पीपल का पौधा विधि पूर्वक पूजा पाठ कर रोपण किया एवं सुरक्षा हेतु ट्री गॉड लगाया। सिन्हा ने बताया कि गांव में आज से 10-15 वर्ष पहले बड़े-बड़े आम का बगीचा हुआ करते थे, जिस गांव की प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ बहुत अच्छे लग रहे थे। लेकिन आज पेड़ों के अंधाधुंध कटाई के कारण वीरान हो गए और निरंतर पेड़ को काट रहे हैं और आने वाले समय में इसका भयंकर दुष्परिणाम लोग को भुगतना पड़ेगा। लकड़ी, पेड़ की छाया मुश्किल हो जाएगा भविष्य को सुरक्षित बनाने में कम से कम हमें एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर ग्राम के जीवन पटेल, दिलीप पटेल, समरथ वर्मा व तेज प्रताप सिन्हा सहित कई लोग मौजूद रहे। सभी ने सहयोग कर पौधा की संरक्षण व संवर्धन की संकल्प लिया।

# सीनियर विधायक या पूर्व मंत्री! निकाय चुनाव से पहले नए मंत्री के नामों का हो सकता है ऐलान

रायपुर। साय सरकार में दो मंत्रियों के रिक्त पदों पर किस विधायक को मंत्री बनाया जा सकता है इसकी चर्चा लगातार हो रही है। खासकर विधायकों, भाजपा संगठन के पदाधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच चर्चा की शुरुआत ही इसी से होने लगी है। बहरहाल, भाजपा सूत्रों के अनुसार नगरीय निकाय चुनाव के पहले रिक्त दो मंत्री पद में से एक पद को भरा जा सकता है।



जानकारी के अनुसार साय सरकार नगरीय निकाय चुनाव के पहले कुछ प्रमुख निगम, मंडलों और आयोगों अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की नियुक्ति की सकती है। बाकी में नगरीय निकाय चुनाव के बाद नियुक्ति की जाएगी। वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने निगम-मंडलों और आयोगों में पद पाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाना शुरू कर दिया है। हर कोई अपने-अपने बायोडाटा वरिष्ठ नेताओं तक पहुंचा रहे हैं।

### मंत्री पद की रेस सीनियर से लेकर जूनियर विधायक शामिल

बता दें कि साय सरकार में रिक्त दो मंत्रियों के पद के लिए भाजपा के सीनियर से जूनियर विधायक तक रेस में शामिल है। सभी अपने-अपने हिसाब से शीर्ष नेतृत्व से जुगाड़ लगा रहे हैं। ताकि मंत्री पद मिल जाए। जानकारी के अनुसार मंत्रियों की रेस में करीब चार सीनियर विधायक और पूर्व के नाम सबसे आगे चल रहे है। इसके बाद जूनियर विधायकों के नाम शामिल है। क्योंकि भाजपा ने सरकार बनने के बाद प्रदेश में जूनियर विधायकों को मंत्री पद से नवाजा है। इसलिए बचे दो मंत्री पद के लिए जूनियर विधायकों की बाछें खिली हुई है।

### मंत्रियों के कामकाज की दिल्ली से हो रही मॉनिटरिंग

सूत्र बताते हैं कि साय सरकार सभी मंत्रियों के कामकाज की दिल्ली से भी मॉनिटरिंग हो रही है। जिन मंत्रियों की भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से शिकायतें मिल रही है, उन्हें नसीहत भी दी जा रही है। साथ ही मंत्रियों का उनके प्रभार वाले क्षेत्रों में दौरे और जनहित कार्यों में कितनी रुचि ले रहे हैं इसकी भी प्रदेश भाजपा संगठन द्वारा लगातार रिपोर्ट भेजी जा रही है।

## आज सीएम हाउस में साय कैबिनेट की बैठक, इस मुद्दों पर बन सकती है रणनीति

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय आज कैबिनेट की बैठक लेंगे। साय की अध्यक्षता में बुधवार सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में बैठक होगी। इसमें कई मुद्दों पर सीएम मंत्रियों से चर्चा कर आगामी कार्य योजना पर रणनीति बना सकते हैं। इस बैठक में नगरीय निकाय चुनाव पर चर्चा हो सकती है। वहीं रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव को लेकर भी मंथन किया जा सकता है। इस मामले में इस सीट को लेकर सांसद बृजमोहन अग्रवास से उनकी पसंद के प्रत्याशी पर भी बातचीत हो सकती है।

## मवेशियों से होने वाले सड़क हादसों पर हाईकोर्ट सख्त, चार सप्ताह में सरकार से मांगी रिपोर्ट; अब तक 55 की गई जान

बिलासपुर। सड़कों पर मवेशी नहीं हटने और हादसों में कई मवेशियों की मौत के मामले को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने सीएस को जांच कर इसके लिए कौन जिम्मेदार है, चार सप्ताह में बताने को कहा है। याचिकाकर्ता के वकील ने मवेशी मौत के आंकड़े भी इस दौरान कोर्ट में प्रस्तुत किए हैं।

इसमें बताया गया कि जनवरी से अब तक 73 हादसे हुए हैं, इसमें 55 लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्गों पर 52 ऐसे स्थान हैं, जहां पर मवेशियों के कारण सबसे ज्यादा हादसे होते हैं। सुनवाई में प्रदेश के नगर पालिका, निगम आयुक्तों और ग्राम पंचायतों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि सड़कों और राजमार्गों में आने वाले पशुओं को रोकें और संभावित दुर्घटना रोकने सख्त कदम उठाया जाए। याचिका में कहा गया है कि आवारा मवेशियों के कारण आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से बड़ी संख्या में मौतें भी हो रही हैं।

सुनवाई के दौरान बताया गया कि हाल ही में 7 जुलाई, 2024 को तिल्दा ब्लॉक के किरना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 15 गायों की मौत हो गई और 3 घायल हो गईं। साथ ही ग्रामीण घायल हो गए थे। मामले में याचिकाकर्ता के एक वकील ने प्रकाशित समाचार क्लीपिंग को हाईकोर्ट में पेश किया था। यह भी कहा गया कि सड़कों पर घूमने वाले जानवरों के साथ-साथ मनुष्यों की मृत्यु को रोकने के लिए हितधारकों द्वारा जो कदम उठाए गए हैं, उन्हें अधिक प्रभावी नहीं पाया गया। उसी के मद्देनजर हाईकोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को पूरे राज्य के जिलों में सभी हितधारकों को आवश्यक और प्रभावी आदेश जारी करने का निर्देश दिए हैं।

## चूना पत्थर का अवैध उत्खनन करते पाये जाने पर भू-स्वामी मनिन्दर सिंह गरचा के विरूद्ध किया गया प्रकरण दर्ज

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार राजस्व विभाग एवं खनिज विभाग के अधिकारियों द्वारा चूना पत्थर के अवैध उत्खनन की प्राप्त शिकायत के संबंध में जांच की गई। खनि अधिकारी ने बताया कि राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम चवेली ग्राम पंचायत खपरीखुर्द में 5 एकड़ भूमि पर चूना पत्थर के अवैध उत्खनन के संबंध में विवेक कुमार शर्मा द्वारा शिकायत प्रस्तुत किया गया था। जांच में 2.221 हेक्टेयर में से 1.5213 हेक्टेयर में गौण खनिज चूना पत्थर मात्रा 110294.25 घनमीटर का अवैध उत्खनन किया जाना पाया गया। अपर कलेक्टर न्यायालय में अवैध उत्खनन करते पाये जाने पर भू-स्वामी मनिन्दर सिंह गरचा के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है।

## तिरंगा यात्रा को लेकर जिले में व्यापक अभियान चलेगा- रमेश पटेल



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में हर-घर तिरंगा अभियान व तिरंगा यात्रा को लेकर आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने भाग लेकर जिले में इस अभियान के लिये अब तक किये गये कार्यो का ब्यौरा पेश करते हुये कहा कि जिले में पार्टी कार्यकर्ता हर-घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा को लेकर सजग व जागरूक है। मंडल स्तर व जिला स्तर पर बैठकें होकर बूथ स्तर पर इस कार्य में कार्यकर्ताओं को लगाया जा रहा है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भाजपा के इस प्रदेश स्तरीय बैठक में प्रदेश में रहने वाले राष्ट्रीय पदाधिकारियों, राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्यों, राष्ट्रीय मोर्चा के पदाधिकारी, राष्ट्रीय मोर्चा के कार्यसमिति के सदस्यों, प्रदेश भाजपा पदाधिकारी, संभाग प्रभारी-सह प्रभारी, जिला प्रभारी व सहप्रभारी, सांसद-विधायक, जिला भाजपा अध्यक्ष, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं महामंत्री, प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक, हर-घर तिरंगा अभियान की जिला टोली, विभाजन विभीषिका टोली व युवा मोर्चा के जिला अध्यक्षों ने भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि पार्टी की ओर से इस बार वृहद पैमाने पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आव्हान पर हर-घर तिरंगा अभियान चलाया जायेगा। हर-घर तिरंगा अभियान तिरंगे की शान में एक यूनिक फेस्टिवल बन चुका है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी के निर्देशानुसार 11 से 14 अगस्त तक तिरंगा यात्रा का आयोजन युवा मोर्चा के नेतृत्व में किया जायेगा। 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक कार्यकर्ता करोड़ों देशवासियों के साथ मिल करके प्रत्येक घर एवं व्यवसायिक केन्द्रों पर हर-घर तिरंगा फहराने हेतु अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगें।

इसी प्रकार 12 से 14 अगस्त तक महापुरूषों की प्रतिमा एवं स्मारकों के आस-पास स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें साथ ही 13 से 15 अगस्त के बीच ही महापुरूषों एवं भारतमाता के वीर सपूतों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों पर माल्यार्पण किया जायेगा। इस अभियान का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया जायेगा।

इस आयोजन में भारत का विभाजन तथा अभूतपूर्व मानव विस्थापन एवं मजबूरी में पलायन की दर्दनाक कहानी को याद किया जायेगा। इस अवसर पर जिलेभर में सम्मेलन व संगोष्ठी का आयोजन कर विभाजन के काले अध्याय को याद करते हुये लाखों की संख्या में मारे गये लोगों को श्रद्धांजली दी जायेगी। पार्टी विज्ञप्ति के अनुसार जिला एवं मंडल स्तर पर होने वाले इस कार्यक्रमों के लिए बैठक कर आयोजन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रदेश स्तरीय बैठक में जिले से तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक मूलचंद लोधी, पार्टी के महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, आभा तिवारी, लीलाधर साहू, गिन्नी चावला, कमलेश सूर्यवंशी, डीकेश साहू उपस्थित थे।

## अभिभावकों की बच्चों की शिक्षा में बढ़ेगी सहभागिता और संवाद - कलेक्टर

**बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए पालक-शिक्षक मेगा बैठक आयोजित**

राजनांदगांव (दावा)। स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी शासकीय स्कूलों के बच्चों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए पालक-शिक्षक मेगा बैठक आयोजित किया गया।




कलेक्टर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला धनगांव में आयोजित पालक-शिक्षक मेगा बैठक में हुए शामिल

इसी कड़ी में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला धनगांव में आयोजित पालक-शिक्षक मेगा बैठक में शामिल हुए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के प्रति अनुशासित करना होगा। उन्होंने पालकों से कहा कि बच्चों की दिनचर्या पर ध्यान रखना होगा। विद्यालय से घर जाने पर प्रतिदिन बच्चों की पढ़ाई के संबंध में जानकारी लेने कहा। जिससे अभिभावकों की बच्चों की शिक्षा में सहभागिता बढ़ेगी और बच्चों के साथ बेहतर संवाद स्थापित होगा। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों को प्रार्थना स्थल में बोलने का अवसर प्रदान करने कहा, जिससे बच्चों में सार्वजनिक रूप से अपने विचारों को व्यक्त करने और उनके संकोच को दूर करने में मदद मिलेगी।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को स्कूलों में बिना बस्ता के स्कूल लगता है। इस दिन बच्चे विभिन्न गतिविधियों कबाड़ से जुगाड़, पानी बचाओं, धरती बचाओं, ऊर्जा संरक्षण, एकल प्लास्टिक, कोना पेड़ पौधों का संरक्षण, प्राकृतिक संपदाओं का सदुपयोग करना, नैतिक शिक्षा की जानकारी, योगा एवं शारीरिक क्रियाओं, स्वच्छता पर विशेष ध्यान, व्यक्तिगत साफ-सफाई, किचन गार्डन, खेल-कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों से बच्चों का बौद्धिक, शारीरिक और मानसिक विकास होता है। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण, न्योता भोज, छात्रवृति, निवास, आय-जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य योजनाओं के संबंध में चर्चा की गई।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अशोक देवांगन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहारे, एसीपी रफीक अंसारी, एपीसी आदर्श वासनिक, प्राचार्य, ग्राम पटेल, संकुल के शिक्षकगण एवं पालकगण उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ की बालिकाओं का इंटरजोनल प्रशिक्षण शिविर हेतु हुआ चयन

**पुणे और भोपाल में आयोजित होगा प्रशिक्षण शिविर**

राजनांदगांव (दावा)। विगत दिनों 21 से 28 जुलाई 2024 तक राजनांदगांव में तथा दिनांक 23 से 30 जुलाई 2024 तक सुरत मे आयोजित द्वितीय हॉकी इंडिया जूनियर एवं सब-जूनियर वेस्ट जोन हॉकी चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए राजनांदगांव में तीसरा व सुरत (गुजरात) में दुसरा स्थान प्राप्त कर प्रदेश को गौरवविंत किया है।

छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया है कि हॉकी इंडिया के नेतृत्व में इंटर जोनल हॉकी प्रतियोगिता द्वारा आयोजित कि जाएेगी जिसका वेस्ट जोन का प्रशिक्षण शिविर 15 अगस्त से 28 अगस्त तक सब जूनियर बालिका का पुणे में तथा जूनियर बालिका का भोपाल में आयोजित होगा। छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सब जूनियर वर्ग में 9 खिलाड़ी व जूनियर वर्ग में 6 खिलाड़ीयों का चयन हुआ है सब जूनियर वर्ग में विशाखा, दामिनी खुसरो, अंजली एक्का, जिज्ञासा कश्यप, आराधना, श्यामली रॉय, मधु सिदार, दुबी रावत, का वहीं जूनियर वर्ग में आंचल वर्मा, भुमिका धनकर, मिनाक्षी उमरे, गीता यादव, रूखमणी, और नेहा कुमारी का चयन इंटर जोनल प्रशिक्षण शिविर हेतु किया गया हैं चयनित खिलाडी हॉकी इंडिया इंटरजोनल हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेंगें तथा इन्ही नवोदित खिलाडियो में से कोई खिलाडी आने वाले समय में भारतीय हॉकी टीम के हिस्सा होंगें। चयनित सभी खिलाड़ियों को खेल प्रेमियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## कलेक्टर को साप्ताहिक जनदर्शन में नागरिकों ने बताई अपनी समस्याएं

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है।



अधिकारियों को आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश

आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में निजी भूमि से अवैध कब्जा हटाने, आबादी पट्टे की भूमि का एनओसी दिलाने, राजस्व अभिलेख में नाम दुरूस्त करने, विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचातय सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, आयुक्त नगर पालिक निगम श्री अभिषेक गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## हाईवे के किनारे गड्ढे ही गड्ढे हो गए हैं, अशोका बिल्डकान की जवाबदारी है कि गड्ढे को भरे- वरुण पाडे

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा नेता वरुण पांडे ने कहा है कि नेशनल हाईवे आरके नगर चौक विधि डायग्नोस्टिक बर्फानी धाम के पास हाईवे के किनारे गड्ढे ही गड्ढे हो गए हैं।



नेशनल हाईवे कंपनी अशोका बिल्डकान की जवाबदारी है कि वह गड्ढे को भरे या फिर टोलटैक्स लेना बंद करें आरके नगर मोड़ पर सृष्टि कॉलोनी वैशाली नगर जीवन कॉलोनी बर्फानी धाम जाने वालों को होती है दिक्कत वीआईपी एरिया होने के साथ कलेक्टर-एसपी अन्य अधिकारियों को निवास स्थान होने के साथ-साथ इनकी भी जवाबदारी बनती है कि वह नेशनल हाईवे कंपनी को हिदायत दे काफी समय हो गए गड्ढे हुए भाजपा नेता वरुण पांडे ने कहा है कि एक हफ्ते के अंदर अगर यह गड्ढे नहीं भरे गए तो लिखित में नेशनल हाईवे कंपनी के खिलाफ परिवहन सड़क मंत्री को शिकायत और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी के समक्ष लिखित शिकायत की जाएगी। इस दौरान भाजपा नेता वरुण पांडे, नरेश कोचर, भीष्म देवांगन, चौरसिया अन्य लोगों उपस्थित थे

## कलेक्टर ने श्रीमती विद्या सांगोडे के किडनी ट्रांसप्लांट के लिए अग्रिम सहयोग राशि 20 हजार रूपए का चेक किया प्रदान

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शासन द्वारा संचालित आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत श्रीमती विद्या सांगोडे के नाम से पति श्री रितेश सांगोडे को किडनी ट्रांसप्लांट के लिए 20 हजार रूपए का चेक अग्रिम सहयोग राशि के रूप में प्रदान किया। कलेक्टर ने किडनी ट्रांसप्लांट के पूर्व आवश्यक सभी जांच का व्यय जिले में संचालित रेडक्रास समिति द्वारा वहन करने के निर्देश दिए।



श्रीमती विद्या सांगोडे द्वारा किडनी ट्रांसप्लांट के लिए आर्थिक सहायता राशि प्रदान किये जाने के संबंध में शासन से आग्रह किया गया था। कलेक्टर श्री अग्रवाल के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन द्वारा संचालक रामकृष्ण अस्पताल रायपुर डॉ. संदीप दवे से किडनी ट्रांसप्लांट के संबंध में मिलकर चर्चा की गई। संचालक रामकृष्ण अस्पताल रायपुर द्वारा बताया गया कि मरीज श्रीमती विद्या सांगोडे का किडनी ट्रांसप्लांट शासन द्वारा संचालित आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत निःशुल्क किया जाएगा एवं किडनी ट्रांसप्लांट के पूर्व आवश्यक समस्त जाँच का व्यय परिजन को वहन करने के संबंध में जानकारी दी गई।

जिला प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया कि किडनी ट्रांसप्लांट पूर्व आवश्यक सभी जाँच का व्यय जिले में संचालित रेडक्रास समिति द्वारा वहन किया जाएगा। कलेक्टर द्वारा मरीज के पति रितेश सांगोडे को चेक प्रदाय कर किडनी ट्रांसप्लांट हेतु आवश्यक समस्त दस्तावेज निर्धारित प्रारूप में यथाशीघ्र तैयार कर कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजनांदगांव में प्रस्तुत करने के लिए कहा गया, जिससे किडनी ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया अविलंब पूर्ण किया जा सके।

## वर्षो से किराये में निवासरत परिवारों का स्वयं के आवास का सपना हो रहा साकार

**0 लाटरी के माध्यम से आज 39 पात्र हितग्राहियों को आवास का आबंटन**
**0 मोर मकान मोर आस के तहत पूर्व में 109 परिवारों को मिला स्वयं का आवास**



राजनांदगांव (दावा)। देश के प्रत्येक परिवार के सर पर पक्की छत हो इस सोच को सकार करने के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है, क्रियान्वयन की इस कडी में छत्तीसगढ शासन की संवेदनशील पहल मोर मकान मोर आस योजना के तहत आम आदमी के आवास का सपना सकार करने किरायेदारों के रूप में निकाय क्षेत्र के परिवारों को उनका स्वयं का अपना आवास मात्र लागत मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के क्रियान्वयन एवं जनमानस को योजना का लाभ देने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया कर आवेदन आमंत्रित किया गया।

प्राप्त आवेदनों में पात्र हितग्राहियों को निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर आज दिनांक 6 अगस्त 2024 को नगर निगम सभागृह में संयुक्त कलेटर व नजूल अधिकारी खेमलाल वर्मा, कार्यपालन अभियंता व योजना के नोडल अधिकारी यू.के.रामटेके, सहायक लेखा अधिकारी श्री राकेश नंदे, राजस्व अधिकारी अशोक देवांगन की उपस्थिति में लाटरी के माध्यम से 39 पात्र हिग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया। पूर्व में 109 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटन कर योजना का लाभ दिया गया है।

नोडल अधिकारी श्री रामटेके ने बताया कि उक्त योजना के तहत 1052 आवेदन प्राप्त हुये थे, प्राप्त आवेदन में से पात्र 688 आवेदकों की सूची जारी की गयी थी। जिनमें राशि जमा उपरांत पूर्व में 109 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटित किया गया था, और आज 39 हितग्राहियों को लाटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया जा रहा है। इस प्रकार कुल 148 हितग्राहियों को योजनांतर्गत स्वयं का आवास मिला। इसके अलावा उपरोक्त पात्र सूची में से आवेदकों द्वारा परियोजना अनुरूप राशि जमा किये जाने उपरांत 10 या 10 से अधिक हितग्राही पाये जाने पर लाटरी की प्रक्रिया कर निरंतर आवास आबंटन किया जायेगा।

श्री रामटेके ने बताया कि रेवाडीह में निर्मित 340 पूर्ण आवास में 2, मोहारा में निर्मित 340 पूर्ण आवास में 2, मोहारा में निर्माणाधीन 870 आवास में 18, रेवाडीह में निर्माणाधीन 258 अपूर्ण आवास में 11, लखोली में निर्माणाधीन 172 अपूर्ण आवास में 6 इस प्रकार इस बारिश में कुल 39 हितग्राही के स्वयं के आवास का सपना सकार हुआ। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों को 15 दिन के कार्य दिवस में आवास आबंटन पत्र दिया जायेगा। साथ ही पात्र हितग्राही जो इस लाटरी में शामिल नहीं हो पाये उन्हें राशि जमा उपरांत पुनः लाटरी कर आवास का आबंटन किया जायेगा तथा जो आवेदक बैक से ऋण लेना चाहते है उन्हें ऋण की सुविधा भी उपलब्ध करायी जा रही है।

संयुक्त कलेक्टर व नजूल अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा ने आवास प्राप्त करने वाले सभी परिवारों को बधाई देते हुये कहा कि आज वर्षो से आप लोग किराये के मकान में निवास कर रहे थे, लेकिन आज शासन की योजना के तहत अब आप किराये के मकान से मुक्त होकर अपने स्वयं के आवास का सपना सकार करेंगे। जिससे अब इस बारिश के मौसम में ही अपने स्वयं के मकान में निवास करेंगे। शेष पात्र हितग्राहियो को भी राशि जमा उपरांत आवास का लाभ दिया जायेगा। इस अवसर पर योजना के सीएलटीसी अंकुर मिश्रा व ललित मानकर तथा विभागीय लिपिक राजेन्द्र रामटेके व श्रीमती साधना यादव एवं श्री देव हाथीबेथ सहित हितग्राही उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com